


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



चेहरे पर लगाएं स्ट्रॉबेरी के बने ये फेस...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

रविवार, 12 मार्च 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 80 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## कोविड महामारी के दौरान झूठी सूचनाओं के प्रसार के चलते विश्व में हजारों लोगों की जान चली गई:ठाकुर



मुंबई। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कोविड–19 महामारी के दौरान गलत सूचना और झूठ के प्रसार को शनिवार को 'बड़ी संख्या में झूठी सूचनाएं फैलाये जाने' जैसा बताया और कहा कि दुनिया भर में इसके चलते हजारों लोगों की जान चली गई। ठाकुर पुणे शहर में यूथ 20 (वाई20) परामर्श बैठक को संबोधित कर रहे थे, जिसका आयोजन पुणे शहर में एक निजी विश्वविद्यालय में किया गया था। वाई20, जी20 के सभी सदस्य देशों के युवाओं के लिए एक परामर्श मंच है, जहां वे संवाद करते हैं। मानसिक स्वास्थ्य विषय के बारे में ठाकुर ने कहा, ''महामारी से अधिक यह बड़ी संख्या में झूठी सूचनाएं फैलाये जाने जैसा था क्योंकि झूठी और गलत सूचना फैलाई गई। और इसके चलते दुनिया में हजारों–हजार लोगों की मौत हुई।'' सूचना एवं प्रसारण, युवा मामले एवं खेल मंत्री ने कहा, ''कभी–कभी हमें यह भी देखना होगा कि प्रौद्योगिकी मददगार है, या नहीं।'' उन्होंने यह भी कहा कि विश्व में भारत की स्थिति सकारात्मक रूप से बदली है। मंत्री ने कहा, ''भारत अब किसी भी वार्ता में बराबरी के स्तर पर बात करता है, यह मायने नहीं रखता कि वार्ता में कौन सा देश शामिल है। नया भारत बेहतर हो रहा है।

## मस्जिदों में लाउडस्पीकर बैन, अजान का नहीं होगा लाइव टेलिकास्ट, सऊदी अरब की गाइडलाइन पर गुस्से में मुसलमान



दुबई। मुस्लिम दुनिया को रेगुलेट करने वाले सउदी अरब ने रमजान से जुड़े कई ऐसे नियम और कानून जारी किए जिससे मुस्लिम उलेमा भड़क गए हैं। उन्होंने इस्लाम की बुनियाद कमजोर करने वाला बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की है। लेकिन सउदी अरब ने इससे साफ इनकार कर दिया और इसे इस्लाम के हित में बताया। दरअसल, 23 मार्च से मुसलमानों का पवित्र माने जाने वाला रमजान का महीना शुरू हो रहा है। इससे पहले सउदी अरब के इस्लामिक मामलों के मंत्री अब्दुल लतीफ अल–शेख ने 10 सूत्री दस्तावेज जारी किया और 3 मार्च को अपने मंत्रालय के ट्विटर हैंडल से इसे साझा भी किया। इस दस्तावेज में सऊदी अरब में रमजान समारोह के संबंध में 10 प्रमुख निर्देश हैं।

इस 10 सूत्री आदेश में रमजान के दौरान मस्जिदों में लाउडस्पीकर नहीं बजाया जा सकेगा। कोई भी व्यक्ति नमाज का सोशल मीडिया या टीवी पर प्रसारण नहीं करेगा। जब तक रमजान चलेगा तब तक मस्जिदों में कोई भी इफ्तार नहीं होगा। रमजान के दौरान कोई भी व्यक्ति अपने बच्चों को मस्जिद में लेकर नहीं आएगा। जिससे नमाजियों की इबादत में खलल न पड़े। सरकार ने भी ये निर्देश दिए कि इतकाफ के दौरान भी कोई व्यक्ति आईडी के बिना मस्जिद में एंट्री नहीं करेगा। एतिकाफ का मतलब एक इस्लामिक प्रथा होती है। जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोग रमजान के आखिरी 10 दिनों में अल्लाह की इबादत के लिए मस्जिद में खुद को अलग कर लेते हैं।

आदेश में इमामों और मुअज्जिनों को महीने के दौरान सभी प्रार्थनाओं के कैलेंडर और समय का पालन करने का निर्देश दिया गया है।

उन्हें शाम की नमाज को छोटा रखने और रात की नमाज को पर्याप्त समय के साथ पूरा करने के लिए कहा जाता है ताकि उपासकों को किसी असुविध ा का सामना न करना पड़े। मस्जिदों में, किसी भी माध्यम से नमाज पढ़ने या नमाज पढ़ने के लिए तस्वीरें लेने या कैमरों का उपयोग करने की भी मनाही है। साथ ही, मंत्रालय ने मस्जिदों में उपस्थित लोगों को बच्चों को लाने से प्रतिबंधित कर दिया।

## तीन दिवसीय अखिल भारतीय आयुर्वेद पर्व प्रारंभ
## सीएम योगी ने दिलाई 1857 की क्रांति की याद



मेरठ। देश के उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज मेरठ पहुचें हैं। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (सीसीएसयू) के नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षागृह में आज से शुरू हुए तीन दिवसीय अखिल भारतीय आयुर्वेद पर्व (महासम्मेलन) में तीनों नेताओं ने लोगों को संबोधित किया।

सीएम योगी ने कहा– मेरठ भारत के इतिहास की धरती है

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मेरठ भारत के इतिहास की धरती है। महाभारत की धरती है। हस्तिनापुर ने महाभारत की नींव रखकर इतिहास रचा था। धर्म, कर्म, काम, मोक्ष इससे संबंधित जो है, वह इस ग्रंथ में हैं। कहा कि मेरठ क्रांति धरा है। अन्नदाता किसानों के पुरुषार्थ की धरा है।

योगी बोले– 21 जून को पूरी दुनिया मना रही योग दिवस

उन्होंने कहा कि परंपरागत चिकित्सा पद्धति ने नौ वर्ष के अंदर दुनिया में लंबी छलांग लगाई है, जिसका श्रेय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। जिन्होंने पहली बार परंपरागत चिकित्सा पद्धति को आयुष मंत्रालय बनाकर योग, आयुर्वेद आदि को लेकर मंत्रालय का गठन किया। आज 21 जून को पूरी दुनिया योग दिवस मना रही है। हर कस्बे, प्रांत, शहर में लोग योग की हर क्रिया से जुड़ते हैं। पीएम मोदी के प्रयासों का परिणाम आज हमारे सामने है। सीएम योगी ने कहा कि इतने सारे आयुर्वेद के विशेषज आज एक मंच पर मौजूद हैं, यह बड़े सौभाग्य की बात है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मेरे सामने जब इस सम्मेलन का प्रस्ताव प्रस्ताव आया तो मैंने कहा कि चार साल पहले यह कार्यक्रम कानपुर में हुआ था। मैंने कहा कि देश के उप–राष्ट्रपति को आमंत्रित किया जाना है। मेरठ की पौराणिक और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर इन आयुर्वेद के विशेषज्ञ की और से स्वागत करता हूं। इस क्षेत्र में आयुर्वेद के कई सारे विशेषज्ञ रहे हैं। जिन्होंने अपने समय में विषम समय में वैद्य रामप्रसाद, वैद्य मुरारी लाल शर्मा, पशुपति, विष्णुनाथ शर्मा ने आयुर्वेद के माध्यम से आयुष की पद्धति को आगे बढ़ाने का काम किया।

## डीसीडब्ल्यू प्रमुख स्वाति मालीवाल ने सुनाई आपबीती, कहाः पापा ने मेरा यौन शोषण किया



दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल आमतौर पर चर्चा में बनी रहती है। इस बार डीसीडब्ल्यू अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पुरस्कार के विजेताओं को सम्मानित किए जाने के मौके पर आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने सनसनीखेज खुलासा किया है। उन्होंने दावा किया कि उनके पिता ने बचपन में उनका यौन शोषण किया है। उन्होंने आपबीती सुनाते हुए कहा कि जब मैं बच्ची थी तब मेरे पिता ने मेरा यौन शोषण किया है। वो मुझे मारते और पीटते थे। जब वो घर आते थे तो मैं डर कर बेड के नीचे छिप जाती थी। मैं पूरी रात ये प्लानिंग करती थी कि महिलाओं को उनका हक दिलाउंगी और जो लोग इस तरह की हरकतें करते हैं उन्हें सबक सिखाउंगी। उन्होंने आगे कहा कि मेरे पिता मुझे मारते थे, मेरा सिर दीवार से पीटते थे। खून भी बहता था। मगर जब कोई इंसान बहुत अत्याचार सहता है तो वो दूसरों के दर्द से वाकिफ हो पाता है। उसे अंदर ऐसी आग होती है जिससे उसमें पूरी व्यवस्था को बदलने की ताकत आ जाती है। ऐसा ही कुछ मेरे साथ और हमारे अन्य अवॉर्डी के साथ हुआ है। उन्होंने कहा कि ये उस समय की बात है जब में काफी छोटी थी। कक्षा चार तक ही मैं अपने पिता के साथ रही हूं। तब तक कई बार पिटाई खाई है और अत्याचार सहा है।

### कार्यक्रम में महिलाएं हुई सम्मानित

*दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को डीसीडब्ल्यू अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पुरस्कार के विजेताओं को सम्मानित किया। दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) द्वारा शुरू किए गए पुरस्कार समारोह में करीब 100 महिलाओं को सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन महिलाओं को दिया जाता है जिन्होंने महिलाओं के प्रति असाधारण साहस और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। समारोह को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा, ''साल में सभी 365 दिन महिलाओं के लिए हैं लेकिन यह महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए एक खास दिन है। एक कहावत है रू उम्र महज एक संख्या है। आज इस कार्यक्रम में 104 वर्षीय और 106 वर्षीय महिलाओं को सम्मानित किया जा रहा है। हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''आज डीसीडब्ल्यू अवार्ड्स प्रतिष्ठित पुरस्कार बन गए हैं। पुरस्कार जीतने वाली सभी महिलाओं को बधाई।*

## आर्मीनिया के दांव से बदलेगी भारत की तस्वीर, तुर्की–पाकिस्तान का दोस्त होगा परेशान, जानें क्या है पूरा प्लान



नई दिल्ली। भारत को एक बड़ा ऑफर मिला है और ये किसी और ने नहीं बल्कि अर्मिनिया ने दिया है। अर्मिनिया वही देश है जो अजरबैजान, पाकिस्तान और तुर्की से बचने के लिए भारत से मदद मांग रहा है। एक जमीन के टुकड़े को लेकर अर्मिनिया और अजरबैजान के बीच जंग चल रही है। अजरबैजान अर्मिनिया पर हमला करने के लिए पाकिस्तान और तुर्की से हथियार ले रहा है। इसी के चलते अर्मिनिया ने भारत ने मदद मांगी और भारत ने अर्मिनिया को पिनाका रॉकेट देने का वादा भी कर दिया। भारत का ये फैसला अजरबैजान और पाकिस्तान को पसंद नहीं आया। लेकिन अब अजरबैजान और पाकिस्तान को एक और बड़ा झटका लगा है। भारत को खुश करने के लिए अर्मिनिया ने एक बड़ा ऑफर दे दिया। यह पेशकश पिछले सप्ताह अर्मेनियाई टीम द्वारा की गई जिसमें वरिष्ठ अधि ाकारी और विशेषज्ञ शामिल थे। यह ऐसे समय में आया है जब आर्मेनिया के विदेश मंत्री अरारत मिर्जोयान भी भारत दौरे पर आ रहे हैं। प्रस्तावित कॉरिडोर–जो अंतर्राष्ट्रीय उत्तर–दक्षिण परिवहन कॉरिडोर (प्छैज्ब) के समानांतर चलेगा–का उद्देश्य मुंबई को ईरान में बंदर अब्बास और फिर अर्मेनिया से जोड़ना और फिर अजरबैजान को दरकिनार करते हुए यूरोप या रूस से आगे बढ़ना है, जिसके साथ भारत के मधुर संबंध नहीं हैं, लेकिन तुर्की और पाकिस्तान के साथ घनिष्ठ संबंध हैं। अर्मिनिया ने भारत के मुंबई बंदरगाह को ईरान के रास्ते रूस तक ले जाने वाले एक ट्रेड कॉरिडोर का ऑफर दिया है। इस कॉरिडोर के तहत भारत पहले ईरान के बंदर–अब्बास पोर्ट से जुड़ेगा। उसके बाद ये कॉरिडोर अर्मिनिया के रास्ते होते हुए यूरोप और रूस तक पहुंच जाएगा।

## साहेब जेल में डालकर मेरा हौसला नहीं तोड़ सकते, तिहाड़ से मनीष सिसोदिया का बीजेपी को बड़ा सदेश



दिल्ली शराब घोटाले में कथित संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने जेल से अपने ताजा ट्वीट में भाजपा पर निशाना साधा है। आप के वरिष्ठ नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए कहा, ष्सर, आप मुझे जेल में डालकर परेशान कर सकते हैं। लेकिन मेरा हौसला नहीं तोड़ सकते। जेल से मनीष सिसोदिया का संदेश नाम से ट्वीट उनके ट्विटर अकाउंट से किया गया जिसमें लिखा था– साहेब जेल में डालकर मुझे कष्ट पहुँचा सकते हो, मगर मेरे हौसले नहीं तोड़ सकते, कष्ट अंग्रेजो ने भी स्वतंत्रता सेनानियों को दिए, मगर उनके हौसले नहीं टूटे। गिरफ्तार आप नेता ने उन दिनों को भी याद किया जब भारतीय स्वतंत्रता सेनानी अंग्रेजों से परेशान थे, उन्होंने अपनी वर्तमान स्थिति की भारत के स्वतंत्रता संग्राम से तुलना करते हुए कहा कि वे (स्वतंत्रता सेनानी) कठिनाइयों के बावजूद दृढ़ संकल्पित रहे। दिल्ली शराब नीति मामले में करीब आठ घंटे की पूछताछ के बाद मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था. मनीष सिसोदिया को भारतीय दंड संहिता की धारा 120 बी (आपराधिक साजिश), 477 ए (धोखाधड़ी करने का इरादा) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत गिरफ्तार किया गया था। सीबीआई ने कहा कि मनीष सिसोदिया के जवाब संतोषजनक नहीं थे और वह जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली शराब नीति में कुछ विवादास्पद प्रावधान जोड़े गए थे जो पहले मसौदे का हिस्सा नहीं थे। सीबीआई द्वारा इसके बारे में पूछे जाने पर, सिसोदिया यह बताने में विफल रहे कि उन प्रावधानों को अंतिम मसौदे में कैसे शामिल किया गया।

## मेघालय में पिछले साल 50 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त रू डीजीपी

शिलांग। मेघालय में 50 साल के इतिहास में 2022 में सबसे अधिक 50 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किये गये। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) एल आर बिश्नोई ने बताया कि पिछले साल मादक पदार्थों के तस्कर समेत कुल 234 लोग गिरफ्तार किये गये। उन्होंने बताया कि कुल 116 मामले दर्ज किये गये और गिरफ्तार लोगों में 20 महिलाएं भी थीं। डीजीपी ने कहा, ''वर्ष 2022 में जब्त मादक पदार्थ ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिये।'' बिश्नोई ने कहा कि यह आंकड़ा 2023 में बढ़ सकता है, क्योंकि पहले दो महीने में मादक पदार्थ से संबंधित मामलों के दर्ज होने, गिरफ्तारी और जब्ती में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, ''वर्ष 2023 के पहले 70 दिन में 80 लोगों को गिरफ्तार किया गया। तीन किलोग्राम से अधि ाक हेरोइन और 140 किग्रा गांजा जब्त किया गया। इसके अलावा 60,000 गोलियां और कफ सिरप की 22,000 बोतलें जब्त की गयी। साथ ही 28 लाख रुपये की नकदी भी बरामद की गयी।

## बीजेपी के साथ वैसा ही व्यवहार किया जाएगा, तेजस्वी यादव को सीबीआई के समन पर भड़के राजद सांसद मनोज झा



पटना। बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को शनिवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के ताजा सम्मन और जमीन के बदले नौकरी घोटाले के सिलसिले में पार्टी प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई के बारे में बात करते हुए, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सांसद मनोज झा ने कहा है कि भाजपा को याद रखना चाहिए कि जब वे विपक्ष में होंगे तो उनके साथ वैसा ही व्यवहार किया जाएगा। मोदी सरकार को पूरे विपक्ष को एक बार में गिरफ्तार कर लेना चाहिए। भारत को विपक्षी मुक्त बनाओ। सांसद ने कहा कि लालू यादव और उनके परिवार के स्वामित्व वाली संपत्ति पर ईडी की छापेमारी आधी रात तक चली, जब बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव की पत्नी राजश्री यादव गंभीर गर्भावस्था की अवस्था में थीं और घर में बच्चे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर राजनीतिक लड़ाई लड़ रही है। ''बंद मामलों को खोला जा रहा है, एजेंसियों को एक स्क्रिप्ट सौंपी जा रही है। यह राष्ट्रीय चिंता का विषय है।






## दिल्ली शराब घोटालाः कविता से सीबीआई ने की पूछताछ, हैदराबाद में लगे रेड डिटर्जेंट के पोस्टर




हैदराबाद। अलग–अलग मामलों में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा जांच का सामना करने के बाद भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) में शामिल होने वाले विभिन्न राज्यों के राजनेताओं के पोस्टर के कविता के साथ हैदराबाद में कई स्थानों पर लगाए गए हैं। दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आज (12 मार्च) को दिल्ली में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी से पूछताछ के बीच यह घटनाक्रम सामने आया है। जिन पोस्टरों पर श्रुबाय बाय मोदीश लिखा हुआ है, वे बीजेपी में शामिल हुए नेताओं और कविता पर श्रेड डिटर्जेंटश का असर दिखाते नजर आ रहे है। पोस्टरों के अनुसार, श्रेड डिटर्जेंटश भाजपा नेताओं की टी–शर्ट के रंग को सफेद से भगवा रंग में बदल देता है, जबकि कविता के कपड़ों का रंग अप्रभावित रहता है। इससे पहले दिन में, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकर्ता और समर्थक शक्ति प्रदर्शन के लिए तेलंगाना के मुख्यमंत्री और पार्टी प्रमुख के चंद्रशेखर राव के आवास के बाहर एकत्र हुए। के कविता को शुरू में ईडी ने 9 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन उन्होंने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में अपनी भूख हड़ताल का हवाला देते हुए जांच एजेंसी से पूछताछ 11 मार्च तक स्थगित करने को कहा। कविता के विरोध ने संसद में महिला आरक्षण विधेयक के शीघ्र पारित होने की मांग की।

# रामपथ चौड़ीकरण की धीमी प्रगति पर डीएम ने जताई नाराजगी

## –सम्बंधित ठेकेदारों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराये जाने की दी चेतावनी

अयोध्या। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी सदर विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित सिंह, अपर जिलाधिकारी भूमि अध्याप्ति, अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग (प्रान्तीय खण्ड), अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग (निर्माण खण्ड–4), प्रोजेक्ट मैनेजर जलनिगम (नागर कार्य इकाई), तहसीलदार सदर सहित सम्बंधित सहायक एवं कनिष्ठ अभियंत्राओं तथा सम्बंधित विभाग के अधिकारियों के साथ श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को जोड़ने वाले प्रमुख सम्पर्क मार्गो यथा–रामपथ, भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण सम्बंधित कार्यों के प्रगति की समीक्षा की तथा सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि अयोध्या धाम का चौमुखी विकास शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में है तथा अयोध्या धाम से जुड़ी हुई विभिन्न विकास परियोजनाओं से जुड़े हुये सम्बंधित अधिकारीगण अपने अपने कार्यों एवं दायित्वों का गम्भीरता के साथ निर्वाहन करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ व रामपथ के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने उक्त मार्गों के धीमी प्रगति पर सम्बंधित ठेकेदारों के विरूद्ध आरोप पत्र (चार्ज शीट) जारी करने के निर्देश दिये तथा शीघ्र ही कार्य में आपेक्षित प्रगति न लाने की दशा में सम्बंधित ठेकेदारों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराये जाने की भी चेतावनी दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग खण्ड–3 व खण्ड–4 को उक्त पथों पर कम से कम दो शिफ्टों में पर्याप्त मानव संसाधन एवं मशीनरी का प्रयोग सुनिश्चित कराते हुये आपेक्षित समयावधि में पूर्ण गुणवत्ता के साथ समस्त कार्यों को पूर्ण कराना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये तथा समस्त मार्गो को आपेक्षित समय में पूर्ण करने हेतु प्रत्येक दिन के कार्य का लक्ष्य निर्धारित कर उसे रोजाना पूर्ण कराने हेतु सम्बंधित अधिशाषी अभियन्तागण व सम्बंधित ठेकेदारों को निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने रामपथ पर चौनेजवार जे0ई0ध् ए0ई0 की टीमें लगाने तथा सभी चौनेजों पर अधिक से अधिक मानव संसाधन लगाकर दो शिफ्टों में तीव्र गति से कार्य कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिशाषी अभियंत्राओं को अपने–अपने विभाग से सम्बंधित कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित रखने हेतु भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने बैठक में अनुपस्थित होने तथा बिना किसी पूर्व सूचना के मुख्यालय से बाहर जाने पर अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड–3 का एक दिन का वेतन रोकने तथा स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा धर्मपथ के कार्यों को भी प्रारम्भ कराये जाने के सम्बंध में सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पंचकोसी परिक्रमा मार्ग तथा चौदहकोसी परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण सम्बंधी कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दियें।

# किसान की समस्याओं को लेकर भाकियू ने किया प्रदर्शन

## –नायब तहसीलदार को सौंपा आठ सूत्रीय ज्ञापन

सोहावल–अयोध्या। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की किसान मासिक पंचायत कर 8 सूत्रीय ज्ञापन वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने नायब तहसीलदार शेखर शुक्ला को सौंपा स कहा कि क्षेत्र छुट्टा पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजवाया जाय और हर ग्राम सभाओं में गौशाला की जमीनों कुंवारी करमाला मुक्त कर गौशाला बनवाने में तेजी लाई जाए, तहसील सोहावल से सटे रोड से रेलवे लाइन तक नाले का पक्का निर्माण कराया जाए जिससे बरसात में तहसील के अंदर वकील शैडो के अगल–बगल जलभराव होने से निजात मिल सके, खिरौनी नगर पंचायत 6 गांव जुड़ने से 2 वर्षों से मनरेगा के जॉब कार्ड धारकों को मजदूरी नहीं मिल रही है स उनको मजदूरी दी जाए नहीं तो उनको बेरोजगारी भत्ता दिया जाए, सोहावल तहसील अंतर्गत खाली पड़े तालाबों का पट्टा नीलामी कराया जाए और पट्टे धारकों द्वारा जलभराव कराया जाए जिससे गर्मी के मौसम में पशु पक्षी जानवर आदि को पानी पीने की सुविधा मिल सके, नगर पंचायत खिरौनी में 2 साल से दैवी आपदा में गरीब मजदूर पात्र व्यक्तियों के कच्चे मकान छप्पर वाले पात्र व्यक्ति को नगर पंचायत – डुडा द्वारा आवास आज की सुविधा नहीं मिल रही है। जांच के नाम पर अवैध वसूली भी की गई है लेकिन आज तक उनको कोई सुविधा नहीं मिल रही है जांच कर पात्र व्यक्तियों को आवास की सुविधा दिलाई जाए, पिछली समस्याओं में कुछ समस्याओं का निस्तारण ना होने के कारण एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव के वार्तालाप भी किया गया एसडीएम ने समस्याओं के निस्तारण के लिए 1 हफ्ते का समय मांगा स पंचायत की अध्यक्षता श्री नाथ वर्मा ने किया स पंचायत में प्रमुख रूप से जगदंबा बर्मा नरेंद्र कुमार विश्वकर्मा मिर्जा कमरुज्जमा बैग दादा मगरू राम राजू निषाद वसीम पांचू राम राम सिंह रौनक लाजवती लालमति रमना गुड़िया अंजू गंगावती आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# होली मिलन समारोह,हजारों की संख्या में उमड़ा जनसैलाब

दैनिक बुद्ध का संदेश

मोतीगंज गोण्डा।। परसपुर नगर में तुलसीधाम मार्ग स्थित रामकुमार सोनी हाता पर भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि रहे कर्नेलगंज क्षेत्र के युवा विधायक अजय कुमार सिंह का भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं समेत क्षेत्र की सम्मानित जनता ने फूलमाला पहनाकर अबीर गुलाल लगाते हुए स्वागत किया।वहीं कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी भाजपा के जिला महामंत्री विष्णुप्रताप नरायन सिंह को दी गयी जिसका उन्होंने बहुत ही सुन्दर ढंग से निर्वहन करते हुये कहा कि कर्नेलगंज क्षेत्र के विधायक अजय सिंह ,आप लोंगो की तरह एक साधारण परिवार के बेटे है। सरल स्वभाव होने के कारण इनसे मुलाकात करने में किसी को किसी भी प्रकार की हिचक नही होती है।इस दौरान कार्यक्रम के मुख्यातिथि विधायक अजय सिंह ने अपने संबोधन के दौरान उक्त होली मिलन समारोह कार्यक्रम के आयोजक रामकुमार सोनी को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस होली मिलन समारोह में उनकी भूमिका त्रेता के हनुमानजी की तरह है। उन्होंने कार्यक्रम को रोचक बनाने हेतु सांस्कृतिक लोकगीत का भी सुन्दर आयोजन किया।उन्होंने भारतीय जनता पार्टी द्वारा होली मिलन समारोह कार्यक्रम मनाये जाने पर विशेष चर्चा करते हुए करते हुये कहा कि होली का त्यौहार आपसी भाईचारे का प्रतीक माना जाता है जिसमे सारे गिले शिकवे भुलाकर लोग एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर आपस मे गले मिलते है।उसी क्रम में भाजपा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में क्षेत्र के अगुवा विधायक तथा सांसद अपने कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र की गणमान्य जनता से मुलाकात कर रूबरू होंगे तथा होली मिलन के साथ साथ क्षेत्र की समस्या की जानकारी हासिल करेंगे। अंत मे उन्होंने क्षेत्र के समस्त गणमान्य जनों समेत पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार प्रगट करते हुये कहा कि मैं विधायक बाद में हूँ सबसे पहले आपके परिवार का बेटा हूँ। अपने परिवार से मिलने का सभी को बराबर का अधिकार है। इसी शब्द पर उपस्थित क्षेत्रवासियों ने करतलध्वनि के साथ जिन्दाबाद के नारों के साथ स्वागत करते हुए अपनी खुशी का इजहार किया। विधायक जी ने परसपुर थाना प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सरोज के नेतृत्व में कार्य करने वाले उपनिरीक्षक व महिला पुरूष पुलिस टीम को होली के त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि होली त्यौहार में सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाये रखते हुये प्रभारी निरीक्षक पूरी मुस्तैदी के साथ क्षेत्र में निरन्तर भ्रमणशील रहकर सकुशल समन्न कराया। उक्त होली मिलन समारोह में कार्यक्रम के आयोजक रामकुमार सोनी, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि वासुदेव सिंह,सूरज सिंह अकोहरी,जिला मंत्री सन्दीप सिंह मोनू,मण्डल अध्यक्ष डॉ0 एसपी सिंह, महामंत्री रामसिंह,रवि शंकर सिंह पवन, रोहित कुमार सिंह, सीपी सिंह,अमरेंद्र सिंह,विनोद पाण्डेय काका प्रधान परसपुर ग्रामीण, ब्रजेश सिंह,राकेश सिंह चौहान,रामसुन्दर पाण्डेय,पूर्व मण्डल अध्यक्ष, मंगलप्रसाद विश्वकर्मा, उदयभान सिंह लल्लन, रहमत अली,श्याम सैनी,रवि कुरेशी,सन्दीप सिंह,विपिन सिंह उपकार,राजू सैनी,जगदीश सोनी,जितेंद्र सिंह,डॉ0 अरुण सिंह,राजाराम शुक्ला,अजय सिंह,प्रशान्त सिंह सोमू, विवेक सिंह जिला पंचायत सदस्य द्वितीय सहित हजारो की संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# 14 दिन बाद भी लूट की घटना का खुलासा नहीं कर पाई पुलिस

मिल्कीपुर–अयोध्या। महिला के साथ लूट की घटना को अंजाम देने के बाद फरार हुए बदमाशो की गिरफ्तारी तो दूर उनकी शिनाख्त तक पुलिस घटना के 14 दिन बीत जाने के बाद भी नहीं कर पाई है । कुमारगंज पुलिस की जांच नौ दिन चले अढाई कोश की कहावत पर सही बैठ रही है । बीते 24 फरवरी की शाम कुमारगंज के सब्जी व्यवसाई धरमेन्द्र कुमार अपनी पत्नी श्रीमती को शाम के समय मोटर साइकिल से लेकर सिधौना गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे । तभी पीछे से पल्सर सवार बदमाशों ने दंपत्ति को रोककर उनके साथ मारपीट करते हुए पत्नी के जेवर लूट कर फरार हो गए थे । घटनास्थल का दौरा एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर ने किया था ।तथा जल्द बदमाशों को पकड़ने के लिए स्थानीय पुलिस के साथ–साथ एसओजी टीम को भी लगाया था ।पुलिस पीडिता से मिल उसके बयान के आधार पर सुल्तानपुर ,अमेठी जनपद के कई गांव में दबिश दी थी । लेकिन वहां उसे कोई सफलता हाथ नहीं लगी । पुलिस क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर आशुतोष मिश्रा ने बताया कि जांच जारी है । अब तक 8 से 10 लोगों से पूछताछ की गई है उनके बताने के आधार पर कई जगह छापेमारी भी की गई । पुलिस जल्द ही आरोपियों को पकड़ लेगी।

# गरीब आवास से वंचित योगी सरकार के दावे पर फिर रहा पानी नहीं खत्म हो रहा है भ्रष्टाचार

- भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई सरकार की गरीबों के लिए चलाई जा रही योजनाएं
- गरीबों को नहीं मिला एक अदद आवास

दैनिक बुद्ध का संदेश

इटियाथोक,गोंडा। एक तरफ सरकार गरीबों के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है लेकिन शासन व प्रशासन व ग्राम प्रधान की हीलाहवाली से सरकार की योजनाएं धरातल तक नहीं पहुंच पा रही है वही पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है योजनाओं का लाभ अपात्र उठा रहे हैं जिसके कारण सरकार की मंशा पर पूरी तरीके से पानी पर रहा है जिसकी एक बानगी गोंडा जनपद के इटियाथोक विकासखंड के ग्राम पंचायत कुकुरिहां में देखने को मिली जहां पर कई ऐसे गरीब परिवार हैं जिनको सरकारी योजनाओं का लाभ अब तक नहीं मिला है चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना हो चाहे शौचालय हो चाहे कोई अन्य योजना हो इस बारे में जब संवाददाता द्वारा ग्रामीणों से बातचीत किया गया तो बात निकलकर सामने आई की अभी तक दर्जनों ऐसे परिवार हैं जो आवास योजना के लिए पात्र हैं लेकिन उन्हें अभी तक इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है वहीं जहां एक तरफ सरकार हर एक परिवार के लिए स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत 12000 शौचालय के लिए दे रही है लेकिन इन परिवारों के लिए यह योजना भी बेमानी साबित हो रही है इस बारे में शकीला, किताबुन, रियाजुल निशा, साबिया, राबिया, कौशल्या ,नसीबुन ,ननकना, नूरजहां गुड़िया, मुरता देवी,रीता देवी आदी महिलाओं ने बताया अभी तक उन्हें ना तो आवास योजना का लाभ मिला है ना ही शौचालय मिला है कुछ महिलाओं ने यहां तक बताया कि उनके राशन कार्ड भी नहीं बने हुए हैं जिसके कारण हुए राशन से भी वंचित है एक तरफ सरकार गरीबों के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है उसके बाद भी शासन प्रशासन की हीला हवाली से पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है वही अपात्र सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं जिससे सरकार की मंशा पर पूरी तरीके से पानी फिर रहा है।



# जलभराव कि समस्या से ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

## जलभराव होने से लोगों आवागमन में हो रही समस्या लोग गिरकर हो रहे चोटिल मच्छर जनित गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा





दैनिक बुद्ध का संदेश

मनकापुर गोण्डा। लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद आखिर क्यों नहीं सुधर रही गांव की व्यवस्था गांव के विकास के लिए सरकार लाखों करोड़ों रुपए खर्च करने का लगातार कर रही दावे फिर भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही गांव के विकास कार्य । सरकार चाहे जितना भी विकास का दावा करले लेकिन भ्रष्ट एवं लापरवाह अधिकारियो एवं कर्मचारियों के द्वारा सरकार कि मंशा पर पानी फेरा जारहा है शासन द्वारा सड़क, बिजली, नाली, बिजली, पानी, स्वास्थ्य शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए पैसा पानी के तरह बहाया जारहा जो कि केवल कागजो मे ही विकास दिखाकर इतिश्री कर दिया जाता है जिसका खामियाजा गाँव, गरीब को सहना पड़ता है जिसका जीता जागता उदाहरण



गोण्डा के विकास खण्ड बभनजोत के ग्राम पंचायत डूवा कुतुब जोत के मजरा बड़का डीह का है उस गाँव के ग्रामीण ने प्रधान सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी पर आरोप लगाया है कि यहां प्रधान मंत्री सड़क सम्पर्क मार्ग से गाँव तक जाने वाले मार्ग पर नाली के सही न होने से मार्ग पर जलभ राव कि स्थिति बनी रहती है यही नहीं उसी मार्ग मे बीचो बीच गढ्ढा होने से अक्सर लोग गिरकर चोटिल होते रहते है जलभराव होने से आवागमन बाधित रहता है और मच्छर से मलेरिया जैसी खतरनाक वीमारी होने का भय बना रहता है इस समस्या का समाधान करना प्रधान से लेकर संबंधित कर्मचारी भी करवाने का जहमत नहीं लेते है जबकि ग्रामीणों के मुताविक यह मार्ग लगभग 15वर्ष पहले बना था जो गड्डो मे तब्दील होकर जलभराव रहता है।इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने शनिवार को सुबह समस्या से आक्रोषित होकर संबंधित के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर नाली सही करवाकर जलभराव की समस्या खत्म कराने तथा गाँव की सड़क को दुरूसत कराने संबंधित मांग की है।इस बावत एडियो पंचायत राकेश श्रीवास्तव बभनजोत ने दूरभाष पर बताया कि इस समस्या कि जानकारी हमें नहीं थी शीघ्र संबंधित कर्मचारी को भेज कर समस्या का निदान किया जाएगा।

# नौ दिवसीय श्रीराम जन्मोत्सव की तैयारियां तेज

अयोध्या। रामनगरी में होने वाले नौ दिवसीय श्रीराम जन्मोत्सव की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी संबंध में श्रीराम जन्म महोत्सव समिति की बैठक तीन कलश तिवारी मंदिर में संपन्न हुई। इस दौरान नौ दिन तक चलने वाले विभिन्न धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को सकुशल संपन्न कराने के लिए कार्यक्रम प्रभारियों ने मंथन किया। बैठक का मार्गदर्शन समिति के संरक्षक गोपाल ने किया। महंत गिरीश त्रिपाठी ने कहा समाज की एकता और समरसता के लिये हम सभी संकल्पबद्ध है। प्रभु ने जिस मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी उसी का हम सभी अनुसरण कर रहे हैं। शरद शर्मा ने बताया कि भारतीय नव संवत्सर की पूर्व संध्या पर मतगजेंद्र से संत धर्माचार्यों के मार्गदर्शन में रामकोट की परिक्रमा, इससे पूर्व युवा शक्ति द्वारा साइकिल रैली निकाली जाएगी। उसके उपरांत प्रत्येक दिवस धार्मिक सांस्कृतिक आयोजन होंगे। नवसंवत्सर की पूर्व संध्या पर निकलने वाली परिक्रमा को लेकर संत धर्माचार्यों की 15 मार्च को एक आवश्यक बैठक भी आयोजित की गयी है।बैठक में योगगुरु डॉक्टर चौतन्य, कवि अशोक टाटंबरी, संत एनवी दास, संस्कार भारती के हरीश श्रीवास्तव, विहिप के विभाग मंत्री धीरेश्वर, महानगर अध्यक्ष कौशिक प्रमाणिक, डॉ. रवि तिवारी, डॉ. उपेंद्र मणि, चंद्रशेखर, विवेक पांडेय, डॉ. सुधाकर, सीमा आदि उपस्थित रहे।

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने किया बुद्धि शुद्धि यज्ञ

अयोध्या। सिविल लाइन स्थित तिकोनिया पार्क में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने बुद्धि शुद्धि यज्ञ किया। किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि अधिकारियों के बुद्धि को शुद्ध करने के लिए बुद्धि शुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया है अधिकारियों के बुद्धि भ्रष्ट हो चुकी है क्योंकि आश्वासन देकर केवल किसानों को परेशान करने की कुबुद्धि का इस्तेमाल कर रहे हैं। महिला जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में किसान यूनियन के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने इस बुद्धि शुद्धि यज्ञ में हिस्सा लिया। महिला जिला अध्यक्ष सुमन पांडे ने बताया कि हम 25 फरवरी से लगातार अपनी मांगों को लेकर तिकोनिया पार्क में बैठे हुए हैं और 28 तारीख को कलेक्ट्रेट गेट पर भी 3 घंटा प्रदर्शन किया अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी मांगे पूरी की जाएगी परंतु अभी तक कोई मांग नहीं पूरी हुई। जिसको लेकर हम अधिकारियों की बुद्धि को शुद्ध करने के लिए बुद्धि शुद्धि यज्ञ कर रहे हैं जिससे अधिकारियों को बुद्धि आये और गरीबो की मदद कर सके। अगर हमारी मांगे पूरी नहीं होती तो आने वाली 13 मार्च को पीड़ित माताजी चिता में बैठकर आत्महत्या कर लेंगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी बुद्धि शुद्धि यज्ञ में सम्मिलित प्रदेश सचिव श्री राम वर्मा डॉ राम जन्म वर्मा राजेंद्र वर्मा डॉ अनिल तिवारी डॉक्टर सुधीर धर्मेंद्र वर्मा रामसूरत पूनम मिश्रा माता गंगा जली सविता केशो देवी धर्मशिला हरिप्रसाद शिवकुमार राजेश आदि लोग सम्मिलित रहे।

# वाल स्ट्रीट फिनकैप सर्विसेज के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

अयोध्या। रायबरेली रोड़ स्थित वाल स्ट्रीट फिनकैप सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड के कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि मलखान दास जी महाराज व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। कम्पनी से निदेशक संजय सिंह ने बताया कि वर्तमान में फाईनेंस कम्पनी के द्वारा बिजनेस लोन की व्यवस्था की गई है।उन्होने बताया कि कम्पनी अपने निर्धारित मानको को पूरा करने वालों को एक सरल प्रक्रिया के तहत लोन देगी। अयोध्या में भव्य राममंदिर बनने के बाद यहां पयर्टन की सम्भावनाओं को सम्बल मिला है। केन्द्र व प्रदेश सरकार ने योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान करके अयोध्या को विश्व पयर्टन के मानचित्र पर स्थापित किया है। पयर्टन के बढ़ने से व्यापारियों को इसका सबसे ज्यादा फायदा मिलेगा। कम्पनी का उद्देश्य अयोध्या में व्यापार व रोजगार सृजन को बढ़ाना है। व्यापार व उद्योगो के विकसित होने से स्वतः रोजगार सृजन होगा। अयोध्या व्यापारी लोन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी हेतु कम्पनी के कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है। हम संवाद के माध्यम से व्यापारियों से सीधे जुड़े है। उनकी अपेक्षाएं व जरुरतों को समझते है। इसी आधार पर हम कम्पनी के प्लान सरलतम रुप में प्रस्तुत कर रहे है। इस अवसर पर संस्थापक गुंजेश्वरी सिंह व लालमनी देवी, अनिल कुमार शर्मा, मनोज शर्मा, सुरजीत फाईनेंस के सह चेयरमैन जयशंकर सिंह, सीईओ शेषधर सिंह समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोगो की उपस्थिति रही।

# भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन का बैठक सम्पन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी। भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन की एक आवश्यक बैठक शनिवार को पुरानी कचहरी स्थित सौरभ सिंह के आवास पर जिला अध्यक्ष रवींद्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में भारतीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन की एकता व मजबूती पर विस्तार से चर्चा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए महासचिव आदित्य प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि संगठन के जिन पदाधिकारियों का आइडेंटी कार्ड बना हुआ है वह लोग तुरंत अपना कार्ड जमा कर दें ताकि उनके कार्ड का नवीनीकरण करा दिया जाए। संगठन से जो लोग जुड़ना चाहते हैं उन्हें संगठन का सदस्य बना लिया जाए स संगठन का ब्लॉक स्तर तक गठन करना है। मेरे संगठन के साथ तमाम महिलाएं भी जुड़ रही हैं, इन्हे भी संगठन का सदस्य बना लिया जाए। महिला संगठन में हमें ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़ने का कार्य करना है। इसी बीच गुलरिया राजा ग्राम पंचायत की दो महिलाएं आई जिन्हें उसी गांव के कुछ लोग प्रताड़ित कर रहे थे, इस प्रकरण को कोतवाली बांसी से संपर्क कर उसके निदान की कार्यवाही की गई जिला संयोजक सतीश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि संगठन निरंतर आगे बढ़ता जा रहा है। बैठक के दौरान संगठन के साथ ऊषा चौधरी, संध्या पांडे, अनूप कुमार ,बुधीराम यादव ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की स इन लोगों को कार्यसमिति का सदस्य बनाया गया स जिला प्रवक्ता धनंजय मिश्र ने भी इस बैठक को संबोधित किया स बैठक के अंत में सभी को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं भी दी गई। बैठक में प्रमुख रूप से देवेंद्र धर द्विवेदी ,अजय मणि त्रिपाठी , सौरभ सिंह, अब्दुल नईम ,रत्नेश श्रीवास्तव, बृजेश कुमार त्रिपाठी ,दिवाकर उपाध्याय ,अनुपम पांडे, सुभाष पाठक आदि लोग उपस्थित रहे।



# उसका बाजार में छुट्टा पशुओं को पकड़ गौशाला पहुचाया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका बाजार सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत उसका बाजार के कर्मचारी तथा बांसी नगर पालिका के कर्मचारी शनिवार को गौशाला वाहन लाकर छुट्टा पशुओं को पकड़कर गौशाला बांसी में भेजा गया है। इससे कस्बावासियों सहित किसानों को राहत मिली है। सांड के आतंक से तेतरी निवासी शशिकांत पाण्डेय के सीने में व ज्वाला दूबे के पैर में तथा उडवलिया निवासी उपेंद्र दूबे का पैर टूट गया था । नागरिको ने इस समस्या को एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी से कहा। इसपर एमएलसी ने इसकी शिकायत एडीएम से की । एडीएम ने नगर पंचायत के प्रभारी ईओ विंध्याचल को तत्काल पशुओं को पकड़कर गौशाला में भेजने को कहा। नगर पंचायत बाँसी व उसका के कर्मचारियों व स्थानीय लोगो के सहयोग से तीन खूंखार साँड़ को पकड़कर गौशाला बासी ले जाया गया । छुट्टा पशु आने जाने वाले व्यक्तियों को चोटिल भी कर चुके है जिसके बाद प्रशासन जाग गया और छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर गौशाला में ले जाया गया । छुट्टा पशुओं से किसान भी परेशान थे। हरी भरी फसल का नुकसान सहना पड़ता था। नगर पंचायत उसका बाजार के कर्मचारियों को छुट्टा पशुओं को पकड़ने में पसीना छूट गया तीन घंटे लग गई छुट्टा पशुओं को पकड़ने में।ईओ विंध्याचल ने बताया कि छुट्टा पशुओं की शिकायत मिलती थी जिसके बाद गाड़ी भेजवा कर पकड़वाकर बांसी गौशाला में रखवाया गया। इस अभियान में पवन कुमार , जमील , रामशन आदि रहे।



# राज पब्लिक स्कूल बेलवा बुजुर्ग का वार्षिकोत्सव आज

दैनिक बुद्ध का सन्देश

भिटौली, महराजगंज। राज पब्लिक स्कूल बेलवा बुजुर्ग का पहला वार्षिकोत्सव रविवार को अपराहन 3रू00 से मनाया जाएगा ।जिसके मुख्य अतिथि पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह व भाजपा जिलाध्यक्ष परदेशी रविदास तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सुदामा प्रसाद,ब्लाक प्रमुख परतावल आनंद शंकर वर्मा, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय मणि त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष सेवानिवृत्त शिक्षक संघ अनिरुद्ध प्रसाद त्रिपाठी होंगे। वार्षिकोत्सव में अपराह्न 3रू00 बजे से विद्यालय कार्यालय का उद्घाटन, दीप प्रज्ज्वलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। रात्रि में 9 बजे कोहिनूर मैजिक शो दिल्ली के जादूगर द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।यह जानकारी विद्यालय के प्रबंधक भाजपा नेता राजनारायण ने दी।

# थाना छावनी पर किया गया समाधान दिवस का आयोजन





दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। थाना छावनी में थानाध्यक्ष दुर्गेश पांडेय की देखरेख में थाना छावनी के परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया ।तथा पुलिस महानिरीक्षक और उप जिला मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में थाना छावनी में समाधान दिवस के दिन हलका इंचार्ज व समस्त बीपीओ तथा समस्त लेखपाल की मौजूदगी के बारे में पूछा गया । जितने लोग अनुपस्थित पाए गए उनसे जवाब सवाल किया गया और बताया गया कि एक महीने में दो बार समाधान दिवस आता है आप लोग उसमें भी अपनी अनुपस्थिति दिखा रहा है तो यह अनुशासनहीनता है पुलिस महानिरीक्षक के द्वारा समाधान दिवस के महत्वपूर्ण भूमिका को बताते हुए यह भी बताया कि समाधान दिवस में सभी प्रकरण का निस्तारण बखूबी किया जा रहा है और पुलिस महानिरीक्षक महोदय के द्वारा सभी सभी हल्का इंचार्ज व सभी बीपीओ को यह बताया गया कि आप लोग अपने गांव में सप्ताह में कम से कम एक दिन का समय निकालकर अपने सभी गांव में भ्रमण सील होकर निरीक्षण करें कि कहीं पर कोई जमीनी संबंधी विवाद है उसे लेखपाल को अवस्य बताएं जिससे उस जमीनी संबंधी विवाद का निस्तारण जल्द से जल्द किया जा सके तदोपरांत अपर जिला मजिस्ट्रेट के द्वारा लेखपाल को यह भी बताया गया कि आप लोग भी दो घंटे का समय निकालकर अपने अपने गांव में जरूर भ्रमण करें और जहां कहीं भी जमीन से संबंधित विवाद है उसे संज्ञान में लेकर नायब तहसीलदार हरैया को सूचित करें और थानाध्यक्ष छावनी को सूचित करें यदि वहां पर पुलिस बल की आवश्यकता है तो थानाध्यक्ष छावनी से पुलिस बल लेकर मौके का निस्तारण जल्द से जल्द किया जाए ताकि अगले समाधान दिवस में यह प्रकरण ना आए अपर जिला मजिस्ट्रेट के द्वारा अभी बताया गया कि सभी बीपीओ के पास सभी लेखपाल का मोबाइल नंबर होना चाहिए तथा सभी लेखपाल वह भी हो के पास हर एक गांव से कम से कम दस दस संभ्रांत लोगों का नाम मोबाइल नंबर होना चाहिए ताकि कोई भी जमीनी संबंधी विवाद गांव में हो तो उसकी सूचना लेखपाल व बीपीओ को तुरंत प्राप्त हो जाए। पुलिस महानिरीक्षक के द्वारा समाधान दिवस में आए हुए समस्त गांव के व्यक्तियों से पूछा गया कि प्रार्थना दर्ज होने के कितने दिनों के बाद पुलिस बल वहां पहुंचती है तो समाधान दिवस में आए हुए सभी लोगों ने बताया कि महोदय प्रार्थना पत्र पड़ने के तुरंत बाद ही पुलिस बल व लेखपाल मौके पर पहुंचकर प्रार्थना पत्र संबंधी प्रकरण का निरीक्षण कर उसका समाधान करें ।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोलाबाजार 11 मार्च। गोला थाना परिसर में शनिवार को रोस्टर के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एस डी एम गोला रोहित कुमार मौर्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। थानाध्यक्ष गोला अश्वनी कुमार तिवारी एस एस आई अरुण कुमार सिंह ने फरियादियो की पीड़ा को सुना । निस्तारण करने का भरपूर प्रयास किया। जिन मामलो का निस्तारण नही हो सका उन मामलों को राजस्व बिभाग और पुलिस के गठित संयुक्त टीम को स्थलीय निरीक्षण कर समाधान कराने का आदेश जारी हुआ। इस समाधान दिवस पर फरियादियो की भीड़ काफी मात्रा में कम दिखी ।राजस्व बिभाग की टीम उपस्थित रही ।इस अवसर पर एस आई मायाराम यादव लेखपाल अवधेश कुमार लाल श्रीवास्तव उपेंद्र कुमार ओमप्रकाश यादव नरसिंह प्रसाद राजकुमार जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।




# द होप क्लास में विदाई समारोह का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

भिटौली, महराजगंज। विकास खंड परतावल के धर्मपुर चौराहे पर स्थित द होप क्लासेज के कक्षा 12के बच्चों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख परतावल आनंद शंकर वर्मा, धर्मपुर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुग्रीव प्रसाद जायसवाल एवं धर्मपुर की ग्राम प्रधान राजनन्दिनी जायसवाल ने संयुक्त रूप से सरस्वती माता को पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन किए। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्त्व पर प्रकाश डाला और कहा कि विदाई एक सतत प्रक्रिया है। इन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिए। इस कार्यक्रम में आई टी एम इन्जीनियरिंग कालेज महराजगंज के रजिस्ट्रार अमित श्रीवास्तव और असिस्टेंस प्रोफेसर नुरूद्दीन खान, वी आई ई टी इन्जीनियरिंग कालेज गोरखपुर के प्रोफेसर और बाला जी अकैडमी गोरखपुर के सह निदेशक अवनीश श्रीवास्तव, कस्तूरबा गांधी कन्या इंटर कॉलेज के प्रबंधक मोहम्मद तक्सीम, श्रीमती विन्ध्यवासिनी देवी जूनियर हाई स्कूल के प्रबंधक ओम प्रकाश चौबे , नव जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल के संरक्षक विवेक वर्मा , आर के अकैडमी के प्रबंधक राम किशुन साहनी, आर के इंटरमीडिएट कालेज हरपुर के प्रबंधक इरफानुल्लाह, दैनिक जागरण के वरिष्ठ पत्रकार सुशील शुक्ला, राष्ट्रीय सहारा के वरिष्ठ पत्रकार चंदन मद्देशिया, पत्रकार काका के वरिष्ठ पत्रकार अंकित मणि त्रिपाठी,अमर उजाला के वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण मोहन जायसवाल, आर पी पी न्यूज के वरिष्ठ पत्रकार नूर मोहम्मद, जन समस्या महराजगंज के पत्रकार पवन गौड़, पत्रकार काका से पंकज रौनियार ,जन समस्या न्यूज से संदीप गुप्ता,राष्ट्रीय बाल विज्ञान के रोहित गुप्ता, अध्यापिका सुनीता सिंह, अभिभावक दीनू राय, इनामुल्लाह सिद्दीकी, अनूप,नंदकिशोर, रामसूचित, सूरज अग्रहरी आदि तमाम अतिथि उपस्थित रहे। इस दौरान बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।संस्था के डायरेक्टर ई० राजन जायसवाल ने सबका आभार व्यक्त किया। इस दौरान संस्था के पंकज जायसवाल, अभिषेक पटेल,राजेश सिंह, अभिषेक तिवारी , सौरभ वर्मा आदि अध्यापक और छात्र–छात्राएं उपस्थित रहें



# जन समस्याओं एवं नागरिक ग्राम्य सुरक्षा को लेकर व्यापारियों संग प्रशासन की हुई बैठक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनौली,महराजगंज। आदर्श नगर पंचायत सोनौली में स्थित एक मैरेज हॉल में थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी सोनौली एवं व्यापारियों के बीच बैठक हुई बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापारियों एवं प्रशासन के बीच वार्ता हुई। बैठक में साइबर क्राइम से जुड़ी समस्याओं को लेकर थाना प्रभारी अभिषेक सिंह ने उपस्थित व्यापारियों से चर्चा करते हुए साइबर क्राइम से बचाव का तरीका बताया, वही बॉर्डर क्षेत्र व नगर में सुरक्षा को लेकर ऑपरेशन त्रिनेत्र के बारे में जानकारी देते हुवे कहा कि, सीसीटीवी कैमरों से नगर की सुरक्षा बढ़ती ही है, वहीं अपराधी ऐसे मार्गो से बचते है जहाँ कैमरे लगे होते है, ऐसे में नगर की सुरक्षा में कमरे से निगरानी रखना हमारे महत्वपूर्ण होता है। वार्ता के दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि, सोनौली भारत नेपाल का अंतरराष्ट्रीय बाजार है, ऐसे में भारतीय सीमा क्षेत्र में नेपाली सिम कार्ड बेचे जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुवे कहा कि, भारतीय क्षेत्र में नेपाली सिम कार्ड की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित है। बैठक में स्थानीय लोगो की सलाह पर अमल करते हुवे थाना प्रभारी अभिषेक सिंह एवं चौकी इंचार्ज अंकित सिंह ने कहा कि, नेशनल हाईवे पर कोई भी टैक्सी सवारी नही भरेगी, वही थाना प्रभारी ने कहा कि, जाम व सुबह सफाई को लेकर आ रही समस्याओं को देखते हुवे बाबा लॉज से आगे सवारी उठाये, अंदर से सवारी उठाने पर चालान किया जाएगा, नही माने तो वाहन होगा सीज।बैठक में व्यापारियों से सीमा पर हो रही तस्करी से सम्बंधित जानकारी सांझा करते हुवे थाना प्रभारी ने कहा कि, भारत नेपाल के प्रतिबंधित मार्गो एवं पगडंडियों से जाने वाले सामान तस्करी के रूप में है ऐसे में इन मार्गो से तस्करी पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। बैठक में मुख्य रूप से साइबर सेल के इंस्पेक्टर, सिपाही उपेन्द्र कुमार शाह, रवि कुशवाहा, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष प्रेम जायसवाल, अखिलेश त्रिपाठी, वकील अहमद, राजकुमार गुप्ता, धर्मेन्द्र जायसवाल, कृष्णा जायसवाल, मनोज मद्धेशिया, विजय रौनियार, अहद खान, रामानन्द रौनियार, प्रताप कान्दू, उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल युवा नगर अध्यक्ष नीरज जायसवाल, सुभाष जायसवाल, सतीष सिंह सहित भारी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।



# सदस्यता शुल्क जमा करने की अपील

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। प्रेस क्लब के महामंत्री महेन्द्र तिवारी ने बताया कि प्रेस क्लब में 25 मार्च से 31 मार्च 2023 तक प्रत्येक दिवस को दिन में 11 से 2 बजे तक सदस्यता शुल्कध्सहयोग राशि प्रेस क्लब पर जमा किया जायेगा। जिसके लिए कोषाध्यक्ष राकेश चन्द्र श्रीवास्तव, महामंत्री महेन्द्र तिवारी तथा सहयोगी के रूप में वरिष्ठ सदस्य विपिन बिहारी त्रिपाठी को नामित किया गया है। साथ ही साथ कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि बस्ती प्रेस क्लब की स्मारिका का प्रकाशन अति शीघ्र कराया जायेगा।



# दुर्गावती देवी इंटर कालेज प्रयागनगर भैंसा भिटौली में सुपर 30परीक्षा आज

दैनिक बुद्ध का सन्देश

भिटौली, महराजगंज। दुर्गावती देवी इंटर कॉलेज प्रयागनगर भैंसा में सुपर 30द्वितीय चरण की परीक्षा12 मार्च को होगी।

- **गरीब मेधावियों के लिए वरदान साबित होगा सुपर 30-उपेंद्र मिश्र**
- **परीक्षा में सफल परीक्षार्थियों को डॉक्टर और इंजीनियरिंग की तैयारी नि:शुल्क-उपेंद्र मिश्र**

दुर्गावती देवी इंटर कॉलेज के प्रबंध निदेशक उपेंद्र मिश्र ने बताया कि इस परीक्षा में चयनित गरीब व मेधावी अभ्यर्थियों को डॉक्टरध्इंजीनियर की परीक्षा छम्म्ज्ध्श्रम्म् में चयन(प्रवेश) होने तक आवास ,भोजन, अकादमिक आदि सभी शिक्षण निश्शुल्क होगा।परीक्षा की प्रक्रिया व शर्ते निम्न प्रकार हैं–'–छात्र वर्तमान सत्र में कक्षा–6, 7, 8, 9, 10, 11 व 12 में अध्यनरत होना चाहिए 30 परीक्षा में छात्र को सफल होने हेतु कैटेगरी के अनुसार निम्न अंक प्राप्त करना होगा–सामान्य व अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु न्यूनतम 75. हेतु 65 हेतु 60:,दिव्यांग हेतु 50:–द्वितीय चरण की परीक्षा का तिथि–12–03–2023–रविवार समय–12:00 से 01रू30 अपराह्न रिजल्ट की घोषणा–12–03–2023 अपराह्न 05रू00 तक।छात्र का अंतिम रूप से चयन लिखित व साक्षात्कार परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर तैयार मेरिट लिस्ट की कट ऑफ द्वारा की जाएगी।–परीक्षा में सफल सभी कक्षाओं(6–12) के अभ्यर्थियों की मौखिक परीक्षा दिनांक–19–03–2023 से 25–03–2023 तक दिन में प्रातः 10 से सायं 4रू30 तक जारी रहेगी। तथा उक्त दोनों परीक्षाओं में सफल अभ्यर्थियों की सूची दिनांक 27–03–2023 को अंतिम रूप से जारी की जाएगी।

# होली मिलन समारोह में दिया एकजुटता का संदेश

बस्ती। शनिवार को कबीर साहित्य संस्थान अध्यक्ष सामईन फारूकी के संयोजन में प्रेस क्लब के सभागार में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि कविताओं के माध्यम से होली के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि यह त्यौहार हमारे आपसी भाई चारे को मजबूती देता है। इसका संदेश ही है कि वर्ष भर में यदि किसी से कोई गिला शिकवा हो तो उसे मिटा दिया जाय। रंगों, उल्लास का यह पर्व हमें खुशी से जीना और दूसरों के जीवन में खुशी बांटने का संदेश देता है।वरिष्ठ कवि डा. रामकृष्ण लाल 'जगमग' ने हास्य कविताओं के माध्यम से लोगों को खूब ठहाका लगवाया। वी.के. मिश्र, सत्येन्द्रनाथ मतवाला, श्याम प्रकाश शर्मा, डा. वाहिद अली सिद्दीकी, दीपक सिंह प्रेमी, राजेन्द्र सिंह राही, परमात्मा प्रसाद निर्दोष आदि ने होली के महत्व को रेंखाकित किया। अध्यक्षता करते हुये सत्येन्द्रनाथ 'मतवाला' ने कहा कि होली का त्यौहार सदियों से हमारी एकता, संस्कृति की थाती को मजबूत बनाये हुये है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से बटुकनाथ शुक्ल, राघवेन्द्र शुक्ल, मो. आरिफ खा, डा. फूलदेव यादव, रोहित उपाध्याय, एम.पी. सिंह, बैजनाथ मिश्र, अनुरोध कुमार श्रीवास्तव आदि ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की मंगलकामना व्यक्त किया। आभार ज्ञापन संस्था के अध्यक्ष सामईन फारूकी ने किया।

## सम्पादकीय

**प्रभारी महासचिव का भी कोई काम नहीं होगा। मध्य प्रदेश में सब कुछ कमलनाथ को सौंप दिया गया है। जो करेंगे कमलनाथ करेंगे। कहीं कहीं थोड़ी भूमिका दिग्विजय सिंह की भी होगी लेकिन बाकी किसी नेता का कोई रोल नहीं है। राजस्थान में प्रदेश नेतृत्व को लेकर कंफ्यूजन है लेकिन यह तय है ...**

# कांग्रेस के राज्य नेता ही चुनाव लड़ाएंगे!



इस साल जिन राज्यों में चुनाव होने वाले हैं वहां भाजपा के तीनों शीर्ष नेताओं ने पूरा दम लगाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा लगातार चुनावी राज्यों का दौरा कर रहे हैं। उनकी रैलियां हो रही हैं और रोड शो हो रहे हैं। अगर सिर्फ कर्नाटक को देखें, जहां अगले महीने चुनाव घोषित होने वाले हैं तो वहां हफ्ते में दो दिन जरूर भाजपा के तीन शीर्ष नेताओं में से किसी एक का कार्यक्रम हो रहा होता है। इसके बरक्स कांग्रेस में पूरी तरह से शांति है। किसी राष्ट्रीय नेता का कोई कार्यक्रम कर्नाटक या किसी अन्य चुनावी राज्य में नहीं हो रहा है। कांग्रेस के जानकार सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस की चुनाव रणनीति भाजपा से अलग है। भाजपा में उसके शीर्ष नेता राज्यों का चुनाव लड़वाएंगे, जबकि कांग्रेस में राज्यों के ही नेता चुनाव लड़वाएंगे। कांग्रेस के शीर्ष राष्ट्रीय नेता राज्यों के चुनाव में गेस्ट अपीयरेंस देंगे यानी मेहमान भूमिका निभाएंगे। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की चुनावी रैलियां और रोड शो होंगे लेकिन ऐसा नहीं है कि ये दोनों जी–जान लगा कर पार्टी को चुनाव लड़ाएंगे, जैसे भाजपा के नेता कर रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि प्रदेश के नेताओं को ही अपने शीर्ष नेतृत्व पर भरोसा नहीं है। उनको लग रहा है कि राहुल और प्रियंका से ज्यादा करिश्मा या जमीनी पकड़ उनकी है इसलिए उन्हीं को चुनाव लड़ाना चाहिए। कांग्रेस के जानकार नेताओं के मुताबिक कर्नाटक का चुनाव प्रदेश अध्यक्ष डीक शिवकुमार और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया लड़वाएंगे। प्रभारी महासचिव रणदीप सुरजेवाला की भी सीमित भूमिका होगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे कर्नाटक के ही रहने वाले हैं लेकिन चुनाव में वे भी बड़ी भूमिका नहीं निभाने वाले हैं। ध्यान रहे अध्यक्ष बनने के बाद उनके स्वागत कार्यक्रम के अलावा उनकी कोई बड़ी रैली या रोड शो वगैरह नहीं हुआ। वे अपने कुछ करीबियों को टिकट दिलवाएंगे और चुनाव के समय कुछ रैलियां कर देंगे। अगले साल छत्तीसगढ़ में भी चुनाव हैं और यह तय है कि वहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चुनाव लड़वाएंगे। वहां भी चुनाव में राहुल, प्रियंका सिर्फ रैली करने जाएंगे। प्रभारी महासचिव का भी कोई काम नहीं होगा। मध्य प्रदेश में सब कुछ कमलनाथ को सौंप दिया गया है। जो करेंगे कमलनाथ करेंगे। कहीं कहीं थोड़ी भूमिका दिग्विजय सिंह की भी होगी लेकिन बाकी किसी नेता का कोई रोल नहीं है। राजस्थान में प्रदेश नेतृत्व को लेकर कंफ्यूजन है लेकिन यह तय है कि चुनाव में केंद्रीय नेताओं की कोई भूमिका नहीं रहने वाली है। इसी तरह हरियाणा में सब कुछ भूपेंदर सिंह हुड्डा के हवाले हैं। उनके अलावा किसी नेता का कोई मतलब नहीं रहने वाला है। लगभग सभी राज्यों की स्थिति यही है।

# मारण मंत्र से बचने के लिए तुलसीदास ने बजरंग बाण रचा



गोस्वामी तुलसीदास जी काशी में भगवान श्री राम की आराधना में जीवन व्यतीत कर रहे थे। तभी एक तांत्रिक ने गोस्वामी तुलसीदास जी पर मारण मंत्र का प्रयोग करते हुए उन्हें मारना चाहा। वह तांत्रिक गोस्वामी जी की अवधी में रची जा रही श्रीराम की कथा से क्षुब्ध था। तांत्रिक प्रभाव के कारण गोस्वामी तुलसीदास जी के शरीर पर फफोले निकल आए और वे बहुत बीमार हो गए। फिर दैवीय कृपा से गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्री हनुमान जी के आह्वान और कृपा प्राप्ति के लिए बजरंग बाण की रचना की। बजरंग बाण की रचना के दूसरे ही दिन गोस्वामी तुलसीदास जी के शरीर पर निकले हुए फोड़े ठीक हो गए और तब प्रभु श्री राम की अवधी भाषा में लिखी जा रही कथा श्रीरामचरित मानस को गोस्वामी जी आगे बढ़ा सके। बजरंग बाण की साधना में गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं कि निश्चय प्रेम प्रतीति ते, विनय करैं सनमान। तेहि के कारज सकल शुभ, सिद्ध करैं हनुमान।। इस आराधना से प्रभु श्री राम के अनन्य भक्त श्री हनुमान जी महाराज अत्यंत प्रसन्न हो जाते हैं। तुलसीदास जी ने हनुमान जी को अंतर्यामी कहा है। वे लिखते हैं कि अब विलंब केहि कारन स्वामी। कृपा करहु उर अंतर्यामी।। जितने भी विविध रूपों में गोस्वामी तुलसीदास जी प्रभु श्रीराम की आराधना कर सकते थे य उन्होंने किया। इसके साथ उन्होंने प्रभु श्री राम के अनन्य भक्त, श्री हनुमान जी महाराज जी की उतने ही विविध रूपों में आराधना और वंदना की। एक तरफ वे श्री हनुमान चालीसा का प्रणयन करते हैं दूसरी तरफ गोस्वामी जी बजरंग बाण लिखकर स्वयं सहित भक्त जनों के बाधा और विघ्न हरने का मार्ग सुझाते है। अवधी भाषा में बजरंग बाण की रचना कर गोस्वामी जी ने संस्कृत भाषा के तांत्रिकों को चुनौती दी। दरअसल गोस्वामी तुलसीदास जी के समय झाड़ फूक की अधिकता थी। सामान्य जन भाषा अवधी में श्री हनुमान जी को प्रसन्न करने का अमोघ मंत्र बनाकर तत्कालीन मजदूर और किसान जनता को राहत प्रदान करने का कार्य, गोस्वामी तुलसीदास जी ने किया। आज भी किसी भक्त जन को किसी भी रोग व्याधि से मुक्ति पाना हो तो बजरंग बाण की आराधना से वास्तविक भक्तों का दुःख दूर हो जाता है।

**लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का संदेश**

# लोकतंत्र के बदलते मायने

**बल्कि छोटे व्यापारी सबसे पहले प्रभावित होंगे। व्यापार टूटेगा तो आर्थिक गतिविधियों की जो कडियां बनी हुई है वह टूटेंगी। जाहिर है कि उत्पादक जब मरने के कगार पर खड़ा होगा तो उत्पादन का व्यापार करने वाला कैसे बच सकता है ? नई आर्थिक व्यवस्था उन कडियों को ही तोड़कर नये आर्थिक संबंध बनाने का नाम है। नये आर्थिक संबंधों में आत्महत्याएं निहित हैं। नई अर्थ व्यवस्था में लोकतंत्र...**

अनिल चमडिया

अर्थ व्यवस्था और लोकतंत्र के संबंध को दो तरह से देखा जा सकता है। एक नजरिया यह हो सकता है कि लोकतंत्र अपने उद्देश्यों के अनुरूप अर्थ व्यवस्था बनाएं। दूसरा नजरिया यह हो सकता है कि अर्थ व्यवस्था अपने फलने फूलने के अनुरूप लोकतंत्र की रूपरेखा तैयार करें। भारत में ब्रिटिश साम्राज्य के शासन को समाप्त करने के पीछे लोगों के आंदोलन के पीछे यह उद्देश्य निहित था कि वह स्वयं एक ऐसी अर्थ व्यवस्था का निर्माण करे, जिसमें समानता की स्थिति बहाल हो सके। समानता क्या है? अर्थ व्यवस्था ऐसी हो जिसमें सभी के लिए बराबर की आर्थिक स्थिति तैयार हो सके। यहां यह महत्त्वपूर्ण है कि बराबर की अर्थ व्यवस्था के लिए हमने लोकतंत्र का रास्ता चुना। जब 1947 में ब्रिटिश शासकों से देश के प्रतिनिधियों के हाथों में सत्ता आई तो इसके बाद एक निश्चित समय में यह अध्ययन किया जाता था कि देश में जो आमदनी हो रही है, वह आमदनी समाज में किस तरह से वितरित हो रही है। योजना आयोग यह जिम्मेदारी पूरी करता था। इसमें सत्ता हस्तानांतरण के लगभग 15 साल बाद पी सी मोहनवीस (1964) की अगुवाई में बनी ऐसी समिति का यहां उल्लेख किया जा सकता है। इस समिति ने अपने अध्ययन के बाद यह पाया कि राष्ट्रीय कमाई का बड़ा हिस्सा वितरित नहीं हो रहा है बल्कि कुछ लोगों के नियंतण्रमें पहुंच रहा है। इस अध्ययन के बाद यह महसूस किया गया कि लोकतंत्र के रास्ते में कुछ सुधार की जरूरत है, जिससे आमदनी का समान वितरण हो सके। तात्पर्य है कि लोकतंत्र के प्रतिनिधियों का समय–समय पर अपने उद्देश्यों के अनुरूप अर्थ व्यवस्था के निर्माण को लेकर चौकस रहना जरूरी होता है। नागरिकों के लिए स्वतंत्रता और समानता दोनों स्थितियां महत्त्वपूर्ण है। अरुण कुमार जिन्हें पाठक वर्ग पानी बाबा के नाम से भी जानते रहे हैं, उन्होंने एक कार्यक्रम में अपना एक संस्मरण सुनाया था। उन्होंने ब्रिटिश सत्ता के खत्म होने के बाद राजस्थान के गावों में जाकर पूछा कि अपनी सरकार के बनने के बाद वे कैसा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने गांवों में यह देखा कि लोगों के बीच तंगहाली और बदहाली की स्थिति है। उन्होंने यह सोचा कि लोग अपनी माली हालत के मद्देनजर यह प्रतिक्रिया व्यक्त कर सकते हैं कि इस आजादी से राजनीतिक गुलामी ही स्थिति बेहतर थी, लेकिन उन्हें उलट जवाब मिला। उन्होंने एक बूढ़ी महिला से पूछा कि पहले उन्हें कम–से–कम खाने–पीने के लिए तो पर्याप्त मिल जाता था? जवाब में महिला ने कहा कि गुलामी की घी से चुपड़ी रोटी से अच्छी है, आजादी की सूखी रोटी। यह एक उदाहरण है जिसमें यह समझा जा सकता है कि अर्थ व्यवस्था महज आर्थिक गतिविधियों का पर्याय नहीं है। नागरिकों के लिए अर्थ व्यवस्था में लोकतंत्र गुंथा हुआ है। क्योंकि मनुष्य का शरीर केवल खाने पीने की मशीन नहीं है। लोकतंत्र की आर्थिक गतिविधियों में राजनैतिक अधिकार सबसे महत्त्वपूर्ण कारक होता है। उपरोक्त स्थितियों से उलट एक नई स्थिति हाल में कई चुनावों में मिली। चुनाव ही वह जरिया है, जिसमें नागरिक अपने राजनैतिक अधिकार का इस्तेमाल करके लोकतंत्र के लिए प्रतिनिधि चुनता है ताकि वह लोकतंत्र की स्थितियों का बहाल रख सके और अपने उद्देश्यों को पूरा करने में आगे बढ़ सके, लेकिन अपने देश में नवीनतम अनुभव यह हुआ कि एक चुनाव में एक उम्मीदवार ने एक गणित बैठाया कि यदि वह बेहद बुरी आर्थिक स्थिति में रहने वाले मतदाताओं में से अपनी जीत के लिए कुछेक हजार मतदाताओं को प्रति मतदाता एक से डेढ़ हजार रुपये देकर उनके राजनैतिक अधिकारों को खरीद लें तो उसे अधिकतम कितनी पूंजी का विनियोग करना होगा। उसने अपने अनुमानित बजट में उस चुनाव क्षेत्र के कुछेक हजार मतदाताओं के वोट खरीद लिये और ढाई लाख मतदाताओं के क्षेत्र में महज सोलह हजार मत हासिल कर चुनाव जीत गया। यह उदाहरण है कि लोकतंत्र द्वारा अपने उद्देश्यों के अनुरूप अर्थव्यवस्था के निर्माण से उलट नई अर्थव्यवस्था अपने उद्देश्यों के अनुरूप लोकतंत्र की रूपरेखा निर्धारित कर रही है। यह महज संयोग नहीं है कि पेड न्यूज के साथ–साथ पेड वोट (वोट की खरीदी) का चलन भी लोकतंत्र की प्रक्रिया में हावी हो गया है। इस स्थिति को इस तरह से देखें कि जब लोगों की माली हालत बिगड़ती चली जाती है तो वे क्या करते हैं। वे प्रतिकूल स्थितियों में काम करने को तैयार होते हैं। यदि उनके पास कुछ सामान है तो उसे बेचते हैं। महिलाएं देह बेचती है। बच्चे तक बेचे जाते हैं। लोकतंत्र में राजनैतिक अधिकार नागरिकों के लिए सबसे बड़ी पूंजी होती है। यदि उसे बेचकर दो चार दिनों की रोटी भी मिलती हो या वे क्षणिक आनंद महसूस करते हो तो उसे क्यों हिचक होनी चाहिए? चुनाव क्षेत्रों में यह चलन नई अर्थ व्यवस्था के बनने की घोषणा के बाद ही हुआ है, ऐसा नहीं कहा जा सकता है, लेकिन उसकी गति कई गुना ज्यादा तेज हुई है और वह चुनाव में जीत के प्रबंधन का मुख्य हिस्सा हो गया है। देश के निन्यानबे प्रतिशत लोग चुनाव लडने की हालत में नहीं हैं। राजनैतिक अधिकार है, लेकिन पैसे नहीं है। चुनाव लडने के लिए बड़ी राशि चाहिए और इस स्थिति को लोकतंत्र के रास्ते ही स्वीकार्य बनाया गया है। इस तरह श्लोकतंत्र की इंजीनियरिंगय करने में नई अर्थ व्यवस्था के प्रवक्ता कामयाब हुए हैं। नागरिक आर्थिक स्तर पर तंगहाल मतदाता में परिवर्तित किया जा चुका है। भारत गावों का देश है। किसान अन्नदाता कहा जाता है, लेकिन सबसे ज्यादा आत्महत्याएं उसे करनी पड़ी है। किसान जब आत्महत्याएं करेगा या बदहाली की स्थिति में होगा तो केवल खेत में काम करने वाले मजदूर ही प्रभावित नहीं होंगे।

**इसके लिए, अलग–अलग लैंगिक डेटा प्रणाली को प्राथमिकता में रखना जरूरी होगा। इस डेटा को इक;ा और साझा करने पर विशेष ध्यान देना लैंगिक समानता की दिशा में हो रही प्रगति की निगरानी एवं लक्षित प्रयासों के लिए महत्वपूर्ण होगा। दुनिया ने जिन संकट का सामना किया है, उसने हमें अपने सामान्य विकास लक्ष्यों को हासिल करने से पीछे धकेल दिया है– भारत की जी–20 अध्यक्षता ...**

# जी-20: महिलाओं के नेतृत्व में विकास की पहल

अमिताभ कांत

भारत को जी–20 की अध्यक्षता एक महत्वपूर्ण मोड़ और उपयुक्त समय पर मिली है। पिछले तीन वर्षों में संकट का सामना कर चुके दुनियाभर के देश बेहतर स्थिति में पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। कोविड–19 महामारी से लेकर चल रहे जलवायु संकट तक, अब यह बात स्वीकार की जा चुकी है कि किसी भी संकट का प्रभाव लैंगिक आधार पर होता है। इसमें महिलाओं और लड़कियों को ज्यादा कीमत चुकानी पड़ती है। उनकी सुरक्षा, आजीविका और स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। भारत की अध्यक्षता में जी–20 महिलाओं और लैंगिक समानता पर ज्यादा ध्यान केंद्रित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं की पूंजी तक पहुंच, उद्यमशीलता और श्रम शक्ति की भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण मसलों का अनिवार्य रूप से समाधान करने पर जोर दिया है। घरेलू मोर्चे पर, भारत सरकार ने जीवन के सभी पड़ाव में महिलाओं के समग्र विकास की प्रतिबद्धता के साथ आत्मनिर्भर भारत विकास के एजेंडे में महिला सशक्तिकरण को केंद्र में रखने का निर्णय लिया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के कारण 2014 से जन्म के समय लिंगानुपात में 16 अंकों का सुधार हुआ है। माइक्रो–फाइनेंस प्रदान करने वाली मुद्रा योजना में 70 फीसदी से अधिक लाभार्थी महिलाएं हैं। एकीकृत पोषण सहायता कार्यक्रम, मिशन पोषण 2.0 के जरिए 1.2 करोड़ से अधिक गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं की देख–रेख की गई है। इसके अलावा, कामकाजी महिला छात्रावासों की स्थापना से लेकर कई कौशल विकास कार्यक्रमों का शुभारंभ और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं हिंसा से मुक्ति की पहल– ये सभी भारत की महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा और स्वाभिमान सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिए जाने के उदाहरण हैं। तेजी से और हमारे समाज के परंपरागत लोकाचार के अनुरूप, सरकार भी समाज के स्तर पर सार्थक परिवर्तन लाने के लिए नारी शक्ति की महत्ता को पहचान रही है। सीधे तौर पर कहें तो महज विकास के लाभार्थियों के रूप में नहीं, बल्कि विकास के प्रेरक और बदलाव के वाहक के रूप में महिलाओं की भूमिका पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। 2023 में भारत के नेतृत्व में जी–20 के प्रयासों को आगे बढ़ाने के साथ ही अब समय आ गया है कि हम महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के एजेंडे को भी आगे बढ़ाएं। यह जानते हुए कि जेंडर एक ऐसा विषय है जिससे कई चीजें जुड़ी होती हैं और जो दूसरी लगभग सभी विकास संबंधी संभावनाओं को प्रभावित करती हैं, हम आशा करते हैं कि जी–20 एजेंडे और इससे जुड़े समूहों में लैंगिक समानता पर नए सिरे से जोर दिया जाएगा। विशेष रूप से, हम निम्नलिखित विषयों पर ठोस कदम उठाए जाने की उम्मीद करते हैंरू पहला, महिलाओं के डिजिटल और वित्तीय समावेशन का समर्थन। वैश्विक स्तर पर लगभग आधी (42 प्रतिशत) महिलाएं एवं लड़कियां औपचारिक वित्तीय प्रणाली से बाहर हैं। वित्तीय समावेशन दरों में प्रगति के बाद भी, लैंगिक अंतर कम नहीं हुआ है और यह 7 प्रतिशत का अंतर बना हुआ है। डिजिटल प्रौद्योगिकी नवाचारों (विशेष रूप से सूचना एवं संचार के लिए) में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में तेजी लाने की क्षमता है। अभी, दोनों डिजिटल प्रौद्योगिकी और डिजिटल शिक्षा तक पहुंच में डिजिटल लैंगिक अंतर बरकरार है। भारत ने जेएएम या जन धन–आधार–मोबाइल प्लेटफॉर्म के माध्यम से महिलाओं के लिए डिजिटल वित्तीय समावेशन को प्राथमिकता दी है। इसकी मदद से कई महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम सीधे महिलाओं तक पहुंच सके हैं और उन्हें मजबूती देने के साथ आर्थिक रूप से सशक्त भी किया है। जी–20 के माध्यम से हमें महिलाओं के डिजिटल एवं वित्तीय समावेशन को मजबूत करने के लिए इसी तरह की ठोस पहलों पर ध्यान देना चाहिए। दूसरा, विकास में समान रूप से भागीदार बनाने के लिए महिलाओं की क्षमताओं को मजबूत करना। यह अर्थव्यवस्था और समाज दोनों में महिलाओं की भागीदारी में निरंतरता सुनिश्चित करने के साथ ही उनके प्रवेश को सुविधाजनक बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। उदाहरण के तौर पर, पूरी दुनिया में शिक्षा को सशक्तिकरण का आधार माना गया है, इसके बावजूद केवल 49 प्रतिशत ने प्राथमिक शिक्षा में लैंगिक समानता हासिल की है। निम्न माध्यमिक शिक्षा में यह आंकड़ा 42 प्रतिशत और उच्च माध्यमिक शिक्षा में 24 प्रतिशत ही है। पूरी दुनिया में करीब 1.1 अरब महिलाएं और लड़कियां औपचारिक वित्तीय प्रणाली से बाहर हैं, इनमें से कइयों की डिजिटल तकनीक तक सीमित पहुंच है। इसी प्रकार से, दुनियाभर के देशों में काफी ज्यादा देखभाल का काम महिलाएं बिना वेतन के करती हैं। ऐसे में यह महत्वपूर्ण है कि जी–20 साथ मिलकर काम करे और महिलाओं के जीवन में एवं उनके कार्यस्थल पर लंबे समय से चली आ रही अड़चनों को दूर करने के लिए आम सहमति बनाकर फैसले लिए जाएं। तीसरा, निर्णय लेने के सभी स्तरों पर महिला नेतृत्व को सक्षम बनाना। आज, भारत में प्रशासनिक कार्यालयों में 1.90 करोड़ से अधिक महिलाएं, पंचायती राज संस्थानों के लिए चुनी गई 17,000 से अधिक महिलाएं और रक्षा बलों में 10,000 से अधिक महिलाएं कार्यरत हैं। महिलाओं के नेतृत्व में विकास के लिए ऐसा दृष्टिकोण उनकी अद्वितीय संभावनाओं, अनुभवों और नेतृत्व शैली को सामने लाने के लिए महत्वपूर्ण होगा, बदले में महिलाएं अधिक समावेशी और प्रभावी निर्णय लेने की स्थिति में पहुंच सकेंगी। आखिर में, विभिन्न पहलों से मिले परिणाम की स्थिरता को सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। इसके लिए, अलग–अलग लैंगिक डेटा प्रणाली को प्राथमिकता में रखना जरूरी होगा। इस डेटा को इकत्र्ा और साझा करने पर विशेष ध्यान देना लैंगिक समानता की दिशा में हो रही प्रगति की निगरानी एवं लक्षित प्रयासों के लिए महत्वपूर्ण होगा। दुनिया ने जिन संकट का सामना किया है, उसने हमें अपने सामान्य विकास लक्ष्यों को हासिल करने से पीछे धकेल दिया है– भारत की जी–20 अध्यक्षता हमें अगले चरण के विकास के लिए एजेंडा तय करने का अवसर प्रदान करती है। ऐसे मौके पर, यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि हम महिलाओं को अपने प्रयास के केंद्र में रखें ताकि एक बेहतर कल मिल सके।




# IND vs AUS टेस्ट में चेतेश्वर पुजारा ने रचा कीर्तिमान, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बनाया रिकॉर्ड

भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जारी मुकाबले में सिर्फ नौ रन बनाते ही खास उपलब्धि हासिल कर ली है। चेतेश्वर पुजारा तीसरे दिन जब कप्तान रोहित शर्मा के आउट होने के बाद मैदान पर उतरे तो उन्होंने सिर्फ नौ रन बनाकर ही इतिहास रच दिया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मुकाबलों में दो हजार रन बनाने वाले चेतेश्वर पुजारा चौथे बल्लेबाज बन गए है। इस लिस्ट में सिर्फ कुछ ही भारतीय क्रिकेटर शामिल है। भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा जैसे ही तीसरे दिन बैटिंग करने उतरे, उन्होंने मात्र नौ रन बनाकर इस उपलब्धि हो हासिल कर लिया। चेतेश्वर पुजारा से पहले



इस उपलब्धि को सिर्फ सचिन तेंदुलकर, वीवीएस लक्षमण और राहुल द्रविड़ ही हासिल कर सके है।

43 पारियों में पाई सफलता: बता दें कि 2000 रनों का आंकड़ा छूने में चेतेश्वर पुजारा को 43 पारियां खेलनी पड़ी है। वहीं वीवीएस लक्षमण ने 41 पारियों, सचिन ने 42 और राहुल द्रविड़ ने 53 पारियो में इस उपलब्धि को हासिल किया है। गौरतलब है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुए टेस्ट मुकाबलों में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है। उन्होंने वर्ष 1996–2013 तक खेलते हुए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3262 रन बनाए है। सचिन तेंदुलकर अकेले ऐसे बल्लेबाज हैं जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन हजार से अधिक रन बनाए है।

बीजीटी में 2000 से अधिक रन बनाने वाले छठे बल्लेबाज

अहमदाबाद में जारी बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के अंतिम मुकाबले में चेतेश्वर पुजारा ने ये कीर्तिमान स्थापित किया है। इस उपलब्धि को हासिल करने वाले वो छठे बल्लेबाज है। उनसे पहले तीन भारतीय और दो ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज इस उपलब्धि को हासिल कर चुके है। रिकी पोंटिंग ने 2555 रन, वीवीएस लक्षमण ने 2434, राहुल द्रविड़ ने 2143 और माइकल क्लार्क ने 2049 रन बनाए है।

# कैप्टन कूल एमएस धोनी का जबरा फैन है ये व्यक्ति, शादी के कार्ड पर ही छपवा डाली कैप्टन कूल की फोटो

भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज खिलाड़ी रहे और कैप्टन कूल कहे जाने वाले महेंद्र सिंह धोनी सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में अपने फैंस के बीच फेमस है। मैदान पर उनके कूल व्यवहार के कारण क्रिकेट जगत में उनका अलग ही नाम है। वो एक मात्र कप्तान हैं जिन्होंने तीन आईसीसी ट्रॉफी भारतीय टीम को जिताने में सफलता पाई है। भारतीय टीम के सफल कप्तानों की सूची में शामिल महेंद्र सिंह धोनी का एक फैन ऐसा भी है जो कि उनके लिए बेहद दीवाना है। अपनी दीवानगी उस फैन ने अपनी शादी पर भी जाहिर की है। दरअसल युवक ने अपनी शादी के इंविटेशन कार्ड पर महेंद्र सिंह धोनी की फोटो लगाई है। शादी के कार्ड में महेंद्र सिंह धोनी का फोटो हैं जो कि दाईं तरफ छपा



है। इसी जगह पर दूल्हा और दूल्हन का नाम भी लिखा गया है। शादी के कार्ड पर महेंद्र सिंह धोनी की बेहद खास फोटो लगी है जो कि वर्ष 2013 में चौंपियंस ट्रॉफी की है। जानकारी के मुताबिक ये फोटो कर्नाटक के रहने वाले एक फैन ने अपनी शादी के कार्ड पर छपवाई है। कार्ड भी स्थानीय भाषा में ही लिखा हुआ है। इसी कार्ड पर धोनी की फोटो छपी है। बता दें कि महेंद्र सिंह धोनी अकेले ऐसे कप्तान हैं जिन्होंने तीन चौपियंस ट्रॉफी जीतने में सफलता हासिल की है। वर्ष 2007 में टी20 विश्व कप, 2011 में एकदिवसीय विश्व कप और 2013 में चौंपियंस ट्रॉफी जीतने में धोनी ने सफलता हासिल की है। आईपीएल की तैयारियों में व्यस्त है धोनी: बता दें कि इन दिनों महेंद्र सिंह धोनी आगामी आईपीएल के सीजन के लिए व्यस्त है। उन्होंने आईपीएल के लिए प्रैक्टिस शुरू कर दी है। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए धोनी की टीम का पहला मुकाबला बीते वर्ष की विजेता गुजरात टाइटंस के साथ होना है। पहला मुकाबला 31 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। माना जा रहा है कि आईपीएल का ये सीजन एमएस धोनी के करियर का अंतिम सीजन हो सकतै है।

# महिला प्रीमियर लीग 2023 में फिसड्डी टीम साबित हुई है सबसे महंगे प्लेयर की टीम आसीबी, कप्तान स्मृति मंधाना का आया बयान

महिला प्रीमियर लीग में वर्तमान में सबसे खराब हालत रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर की टीम का है। आरसीबी की महिला टीम का इस टूर्नामेंट में कोई जादू नहीं चला है। महिला प्रीमियर लीग के आठवें मुकाबले में यूपी वॉरियर्स से भीड़ी रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। इस टूर्नामेंट की सबसे बड़ी हार यूपी वॉरियर्स से टीम को मिली है। यूपी की टीम ने बैंगलोर को 10 विकेट से मात दी है।

महिला प्रीमियर लीग के शुरुआती सीजन में रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर की टीम सबसे फिसड्डी टीम साबित हुई है। इस लीग में आरसीबी के साथ स्मृति मंधाना, एलिसी पैरी जैसी स्टार खिलाड़ी टीम में शामिल है। मगर कोई भी स्टार खिलाड़ी मिलकर भी टीम की बदकिस्मती को बदलने में सफल नहीं हो सकी है। महिला प्रीमियर लीग में बैंगलोर की टीम अब तक दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस, गुजरात जायंट्स और यूपी वॉरियर्स से मात खानी पड़ी है। चारों मुकाबलों में हारने के बाद कप्तान स्मृति मंधाना पर भी सवाल खड़े हो रहे है। स्मृति ने दिया बयानः स्मृति मंधाना ने



लगातार टूर्नामेंट में मिली हार के लिए खुद को जिम्मेदार माना है। उन्होंने मैच के बाद कहा कि टूर्नामेंट में टीम को अब तक हर मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है, जिसके लिए वो ही जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि टीम के लिए बल्लेबाजी क्रम भी अच्छा प्रदर्शन करने में सफल नहीं हो सका है।

उन्होंने कहा कि बीते चार मुकाबलों में ये देखने में आया है कि हमारी शुरुआत अच्छी होती है मगर हम अचानक ही एक साथ कई विकेट से हाथ धो बैठते है। टीम को अब तक हर मुकाबले में असफलता मिली है, जिसके लिए मैं भी दूषी हूं। टॉप ऑर्डर के बल्लेबाजों के तौर पर भी हमें अधिक मेहनत करने की जरुरत है। विपक्षी टीम के गेंदबाजों से बचते हुए बोर्ड पर रन लाना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि टीम की रणनीति थी की 7–15 ओवर के दौरान हमने 7–8 रन प्रति ओवर बनाने का निश्चय किया था। हालांकि इस रणनीति के तहत काम नहीं हो सका। हमारी कोशिश है कि हम संतुलित टीम बनें। सभी खिलाड़ियों से भी इस बारे में बात हुई है।श

# कपड़ा निर्यात को लेकर केंद्रीय मंत्री Piyush Goyal का बड़ा बयान, कहा– कपड़ा निर्यात में वृद्धि के संकेत दिखाई देने लगे हैं

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा



कि देश के कपड़ा निर्यात में वृद्धि के संकेत दिखाई देने लगे हैं। इससे पहले कई देशों में विदेशी मुद्रा के संकट और रूस–यूक्रेन युद्ध के कारण बड़ी खेप जमा हो जाने के कारण उद्योग को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ा था। कपड़ा मंत्री ने उम्मीद जताई कि कपास और धागे का निर्यात अप्रैल से फिर से शुरू हो जाएगा। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, "कपड़ा निर्यात में दो समस्याएं हैं। कई देश यूक्रेन युद्ध के बाद विदेशी मुद्रा की समस्या से जूझ रहे हैं, जिसके कारण उन्होंने गैर–जरूरी आयात में कटौती की है।" उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि मिस्र के पास भुगतान के लिए विदेशी मुद्रा नहीं है। ऐसे में भारत से वहां 100 कंटेनर में भेजा गया माल लौटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि कई देश बाहर से आयातित गैर–जरूरी वस्तुओं को स्वीकार नहीं कर रहे हैं। गोयल ने कहा कि इसके अलावा कोविड महामारी के दौरान बड़ी खेप जमा हो गई। उन्होंने कहा कि यूक्रेन युद्ध के कारण महंगाई बढ़ गई। महंगाई और तनावपूर्ण अर्थव्यवस्थाओं के कारण लोगों ने खरीद कम कर दी।

# कैलिफोर्निया में गुरुद्वारे पर हमले की साजिश रचने को लेकर भारतीय मूल का सिख नेता गिरफ्तार

न्यूयॉर्क। अमेरिका के कैलिफोर्निया में कई लोगों को गोली



मारने और एक गुरुद्वारा को आग के हवाले करने के लिए कथित तौर पर भाड़े पर बदमाशों को रखने का प्रयास करने को लेकर भारतीय मूल के 60 वर्षीय एक सिख व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मीडिया में आई खबरों में यह बताया गया है। बेकर्सफील्ड डॉट कॉम पोर्टल की खबर के अनुसार, गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह जी खालसा दरबार को कथित तौर पर निशाना बनाने और संपत्ति को आग के हवाले करने को लेकर बेकर्सफील्ड सिटी काउंसिल के पूर्व उम्मीदवार राजवीर राज सिंह गिल को चार मार्च को गिरफ्तार किया गया। खबर में कहा गया है कि गिल के आवास पर अधिकारियों ने तलाशी वारंट तामील किया था, जिसके बाद उसे छह आरोपों के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया। बेकर्सफील्ड पुलिस विभाग ने कहा कि गिल ने गुरुद्वारा को आग के हवाले करने और अपने साथ विवाद वाले लोगों को गोली मारने के लिए कुछ लोगों को रकम की पेशकश करने की कोशिश की थी। गिल ने 2022 में सिटी काउंसिल वार्ड 7 का चुनाव मनप्रीत कौर के खिलाफ लड़ने की कोशिश की थी। कौर चुनाव जीत गई और वह बेकर्सफील्ड सिटी काउंसिल के लिए निर्वाचित पहली सिख पंजाबी महिला है।

# पाकिस्तान के सामने कश्मीर को संयुक्त राष्ट्र के एजेंडे के केंद्र में लाने का मुश्किल काम: जरदारी

संयुक्त राष्ट्र। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने स्वीकार किया है कि उनके देश के सामने कश्मीर मामले को संयुक्त राष्ट्र के एजेंडे के केंद्र में लाने का "मुश्किल कार्य" है। भारत का जिक्र करते हुए जरदारी की जुबान लड़खड़ाई और उन्होंने 'पड़ोसी' शब्द का इस्तेमाल करने से पहले उसके लिए 'हमारे मित्र' शब्दों का इस्तेमाल किया।



जरदारी ने फलस्तीन और कश्मीर के हालात को 'एक समान' बताये जाने वाले एक प्रश्न के जवाब में शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, "आपने यह सही कहा कि हमारे सामने कश्मीर को संयुक्त राष्ट्र के एजेंडे के केंद्र में लाने का विशेष रूप से मुश्किल काम है।" पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र के हर मंच पर जम्मू–कश्मीर का मुद्दा उठाता है, भले ही किसी भी विषय या एजेंडे पर चर्चा की जा रही हो। बहरहाल, वह इस मामले में संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों का व्यापक समर्थन हासिल करने में विफल रहा है। अधिकतर देश कश्मीर को भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय मामला मानते हैं। चौंतीस–वर्षीय विदेश मंत्री ने कहा, "और कभी कश्मीर का मामला उठाया जाता है, तो हमारे मित्र... हमारे दोस्त... हमारे... हमारे... पड़ोसी देश कड़ा और जोर–शोर से विरोध करते हैं और हकीकत से परे अपने आख्यान पर स्थिर रहते हैं और दावा करते हैं कि यह संयुक्त राष्ट्र का विवाद नहीं है और यह विवादित क्षेत्र नहीं है।" भारत ने पांच अगस्त, 2019 को जम्मू–कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था। इसके बाद से भारत एवं पाकिस्तान के बीच तनाव और बढ़ गया है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से साफ कहा है कि अनुच्छेद 370 को रद्द करना उसका आंतरिक मामला है। उसने पाकिस्तान को भी वास्तविकता स्वीकार करने और भारत–विरोधी सभी दुष्प्रचार रोकने की सलाह दी है। जरदारी ने कहा, "सच्चाई को सामने लाना हमारे लिए मुश्किल है, लेकिन हम लगातार प्रयास कर रहे हैं।" उन्होंने कहा कि वह हर मौके पर और हर मंच पर फलस्तीन और कश्मीर के लोगों की स्थिति का जिक्र करने का प्रयास करते हैं, भले ही वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद हो या कोई अन्य कार्यक्रम। जरदारी ने कहा, "मुझे लगता है कि आपने जो समानता बताई है, वह उचित है। कश्मीर के लोगों की स्थिति और फलस्तीन के लोगों की स्थिति में कई समानताएं हैं। मेरे अनुसार यह कहना उचित है कि संयुक्त राष्ट्र ने दोनों मामलों पर ध्यान नहीं दिया और हम चाहते हैं कि न केवल फलस्तीन, बल्कि कश्मीर पर भी अतिरिक्त ध्यान दिया जाए।

# अफगानिस्तान: पत्रकारों के पुरस्कार समारोह में विस्फोट, एक व्यक्ति की मौत, पांच घायल

जलालाबाद (अफगानिस्तान)। अफगानिस्तान के



मजार–ए–शरीफ शहर में पत्रकारों के लिए शनिवार को आयोजित एक पुरस्कार समारोह के दौरान हुए बम विस्फोट में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। बल्ख पुलिस के लिए तालिबान द्वारा नियुक्त प्रवक्ता मोहम्मद आसिफ वजीरी ने बताया कि बल्ख प्रांत की राजधानी मजार–ए–शरीफ के ताबियान फरहांग केंद्र में पूर्वाह्न 11 बजे पुरस्कार समारोह के लिए पत्रकार एकत्र हुए थे, तभी यह विस्फोट हो गया। इससे दो दिन पहले मजार–ए–शरीफ में बम धमाके में एक प्रांतीय गवर्नर सहित तीन लोगों की मौत हो गई थी और चार घायल हो गए थे। शनिवार को हुए हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्ति की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है, लेकिन पांच घायलों में पत्रकार शामिल हैं। इनमें 'आर्याना न्यूज' टेलीविजन चौनल का रिपोर्टर नजीब फरयाद शामिल है। फरयाद ने कहा कि उसे महसूस हुआ कि जैसे उसकी पीठ में कोई चीज आकर लगी। इसके बाद एक जोरदार आवाज हुई और वह जमीन पर गिर गया। इस हमले की अभी किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़ा क्षेत्रीय संगठन 'इस्लामिक स्टेट इन खुरासान प्रोविंस' तालिबान का अहम प्रतिद्वंद्वी है। तालिबान ने अगस्त 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा किया था, जिसके बाद से इस संगठन के हमले बढ़े हैं। इन अधिकतर हमलों में तालिबानी गश्ती दलों और अफगानिस्तान के शिया अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों को निशाना बनाया गया है।

# निक्की हेली कुछ भी दावा करे पर बाइडेन का पाकिस्तान प्रेम फिर आया सामने

## अमेरिका करेगा कंगाल देश पर डॉलर की बरसात

दाने दाने को मोहताज मुल्क पाकिस्तान की मुसीबतें वक्त के साथ बिगड़ती जा रही है। वहीं आर्थिक संकट झेल रहा देश इन दिनों राजनीतिक अस्थिरता का दौर भी देख रहा है। पाकिस्तान की बेचारगी पर अब खुद को सुपर पावर मुल्क बताने वाले अमेरिका का दिल पसीज गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने तय किया है कि वो इस मुल्क को आर्थिक बदहाली के दौर से बाहर लेकर आएंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइडेन ने देश को मिलने वाली आर्थिक सहायता को दोगुना करने का प्रस्ताव रखा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने विनाशकारी बाढ़ से उबरने में मदद करने, ऊर्जा आपूर्ति में विविधता लाने और आपातकालीन तैयारी क्षमताओं के निर्माण के लिए गतिविधियों का



समर्थन करने के लिए वित्त वर्ष 2024 के लिए संकटग्रस्त पाकिस्तान को आर्थिक सहायता कोष को दोगुना करके 82 मिलियन अमरीकी डालर करने का प्रस्ताव दिया है। पाकिस्घ्तान को मिल सकते हैं 82 मिलियन डॉलर अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि पाकिस्तान को दी जाने वाली सहायता निजी क्षेत्र के आर्थिक विकास का विस्तार करेगी, लोकतांत्रिक संस्थानों को मजबूत करेगी, और लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाएगी। बजट में अक्टूबर से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष 2024 के लिए आर्थिक सहायता कोष श्रेणी के तहत पाकिस्तान को 82 मिलियन अमरीकी डालर देने का प्रस्ताव है। 2022 में समर्थन 39 मिलियन अमरीकी डालर था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय नशीले पदार्थों और कानून प्रवर्तन श्रेणी के तहत 17 मिलियन अमरीकी डालर और अंतर्राष्ट्रीय सैन्य शिक्षा और प्रशिक्षण श्रेणी के तहत 3.5 मिलियन अमरीकी डालर प्राप्त करने का भी प्रस्ताव है। पाकिस्तान और आईएमएफ डील: वर्तमान में, कर्ज में फंसी पाकिस्तान सरकार अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ एक समझौते पर पहुंचने के उपायों को लागू करने के लिए समय के खिलाफ दौड़ में है क्योंकि देश के पास आवश्यक आयात के एक महीने से अधिक के लिए मुश्किल से पर्याप्त भंडार है। 7 बिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण विस्तारित फंड सुविधा कार्यक्रम की नौवीं समीक्षा के पूरा होने पर आईएमएफ के साथ समझौता – जो पिछले साल के अंत से एक नीतिगत ढांचे पर विलंबित है – न केवल 1.2 बिलियन का संवितरण होगा बल्कि अंतर्वाह भी अनलॉक करेगा।

# रामचरित मानस सम्मेलन 13 से

जौनपुर(आरएनएस )। मानस प्रचारणी सभा जनपद इकाई द्वारा आयोजित 46वां रामचरित मानस सम्मेलन 13 से 18 मार्च तक चलेगा। यह आयोजन नगर के टाउन हाल के मैदान पर होगा जो प्रत्येक दिन सायं साढ़े 7 बजे से रात साढ़े 10 बजे तक चलेगा। इस आशय की जानकारी सभा के उपाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। साथ ही बताया कि अखिलेश मणि शांडिल्य रामायणी देवरिया बतौर व्यास आ रहे हैं जहां प्रकाश चन्द्र पाण्डेय विद्यार्थी अमृतवर्षा करेंगे। श्री गुप्ता ने समस्त मानस प्रेमियों से उक्त अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किया।

# अनुपस्थित मिले शिक्षकों का रोका गया वेतन, बीईओ को नोटिस

महराजगंज। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने जिले के पनियरा व फरेंदा क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण में अनुपस्थित मिले शिक्षकों का वेतन व शिक्षामित्रों का मानदेय रोकने का निर्देश दिया। विद्यालयों के शिथिल पर्यवेक्षण पर पनियरा की खंड शिक्षा अधिकारी गरिमा यादव को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण में प्राथमिक विद्यालय खैचा दक्षिणी टोला की शिक्षिका प्रियंका पांडेय अनुपस्थित मिलीं। प्राथमिक विद्यालय जंगल बड़हरा में शिक्षक जसवीर सिंह अनुपस्थित मिले। फरेंदा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय धुसिया टोला में शिक्षक चंद्रपाल व शिक्षिका सरोज सिंह अनुपस्थित मिले। इसके साथ ही कंपोजिट विद्यालय डिंगुरी में अनुचर उमेश भी अनुपस्थित मिला। जिसपर सभी का एक दिन का वेतन रोका गया। वहीं, प्राथमिक विद्यालय बैजूडेहरा में शिक्षामित्र राकेश सिंह, कंपोजिट स्कूल डिंगुरी में शिक्षामित्र हरीपाल गुप्ता व प्राथमिक विद्यालय माधोनगर में माधोनगर बदरी टोला के शिक्षामित्र वीरेंद्र कुमार के अनुपस्थित मिलने पर उनका मानदेय रोका गया। प्राथमिक विद्यालय इलाहाबास में मौजूद मिली सिर्फ रसोइयाः पनियरा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय इलाहाबास में सिर्फ रसोइया ही मौजूद मिली, कोई शिक्षक अथवा शिक्षामित्र विद्यालय पर नहीं मिला। जिस पर बीएसए ने सभी का वेतन व मानदेय अगले आदेश तक रोक दिया है।

# बीएसए की लोकेशन ट्रेस करने के चक्कर में फंसे प्रभारी प्रधानाध्यापक

महराजगंज। पनियरा ब्लॉक के पिपरा बक्स कंपोजिट स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक अमित सिंह बीएसए का लोकेशन ट्रेस करने के चक्कर में फंस गए। बीएसए के मुताबिक दौरे की सूचना पर एक विद्यालय के शिक्षक आसपास के दूसरे विद्यालय के शिक्षकों को निरीक्षण की जानकारी देते रहते हैं। निरीक्षण के दौरान एक विद्यालय के शिक्षक के मोबाइल पर काल आई। उन्होंने मोबाइल को हैंड फ्री कराया, जिस पर उसकी ओर से मेरा लोकेशन पूछा जा रहा था। बीएसए ने कहा कि शिक्षक का यह कृत्य गैर जिम्मेदाराना है। इस आधार पर उसके वेतन को अगले आदेश तक रोका गया है।

# सांस, सर्दी–जुकाम, बुखार, खांसी के मरीज बढ़े

महराजगंज। तापमान बढ़ने के कारण सेहत पर भी इसका असर दिख रहा है। जिला अस्पताल की ओपीडी में आने वालों में ज्यादा सांस, सर्दी, जुकाम, बुखार, खांसी, निमोनिया, दस्त से पीड़ित मरीज आ रहे हैं। मरीजों का इजाज करने के साथ ही डॉक्टर बचाव का तरीका भी बता रहे हैं। ओपीडी में प्रत्येक डॉक्टर के कक्ष में मरीजों की भीड़ लग रही है। जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 700 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं, इसमें 200 से अधिक मरीज सर्दी, जुकाम, बुखार, खांसी, निमोनिया, दस्त से पीड़ित आ रहे हैं। भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ी है। अचानक तापमान बढ़ने से वातावरण में धूल के कण हवा के साथ तेजी से फैल रहे हैं, इससे सांस के मरीज भी बढ़ने लगे है। प्रत्येक दिन 15 से 20 मरीज इलाज कराने आ रहे हैं। मौसम के दुष्प्रभाव से ऐसे बचें सांस के मरीज धूम्रपान न करें, कोई कर रहा हो, तो उससे दूर रहें, ठंड से एवं ठंडे पेय लेने से बचें, सांस फूलने लगे ऐसा श्रम न करें। इन लक्षणों को पहचानें: डॉक्टरों के मुताबिक सांस लेने में परेशानी होना, दम घुटना, सांस लेते समय आवाज होना, सांस फूलना, छाती में कुछ जमा हुआ सा या भरा हुआ सा महसूस होना, बहुत खांसने पर चिकना कफ आना, परिश्रम का काम करते समय सांस फूलना आदि लक्षण दमे के होते हैं।

# आईएएफ ग्रुप एक्स में चयनित विनय ने छू लिया आसमां

दैनिक बुद्ध का सन्देश

महराजगंज। किसान ।का बेटा है विनय कैचवर्ड–सफलता महराजगंज

- **सबहेड-वायु सेना अकादमी हैदराबाद में ट्रेनिंग ले बनेगा तकनीशियन**
- **दुर्गावती देवी में वर्ष2022 की इंटर परीक्षा का टश्पर रहा विनय लक्ष्मीपुर शिवाला के गरीब**



भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस की तीन सशक्त सेनाओं में से एक भारतीय वायु सेना द्वारा आयोजित एएफसीएटी परीक्षा 2023 को पास कर आईएएफ के टेक्निकल ग्रुप एक्स में चयनित होकर घुघली के लक्ष्मीपुर शिवाला निवासी गरीब किसान राजेश गुप्ता के कनिष्ठ बेटे विनय ने आसमां को छू लिया है ।तीन राउंड की इस चयन प्रक्रिया में इस होनहार ने लिखित परीक्षा सहित ऑफिसर्स इंटेलिजेंस रेटिंग टेस्ट, पिक्चर परसेप्शन एंड डिस्कशन टेस्ट,मेडिकलध्साइकोलॉजिकल टेस्ट,ग्रुप टेस्ट एवं इंटरव्यू आदि में सफल हो ग्रीन कार्ड हासिल कर चयनित होने का गौरव हासिल किया है ।प्राप्त ग्रीन कार्ड के आधार पर अब विनय वायुसेना अकादमी डंडीगल ,हैदराबाद में ग्राउंड लेवल की तकनीकी प्रशिक्षण लेकर इंडियन एयरफोर्स में ग्रुप एक्स का तकनीशियन बनकर देश की सेवा करेगा। शुरू से मेधावी रहे विनय की नर्सरी से आठवीं तक की शिक्षा स्वामी विवेकानंद सरस्वती शिशु मंदिर व पूर्वमाध्यमिक विद्यालय भिटौली से तथा हाईस्कूल व इंटर की शिक्षा दुर्गावती देवी इंटर कॉलेज प्रयागनगर भैंसा से बीते वर्ष ही पूरी हुई है ।जागरण से एक मुलाकात में विनय ने बताया कि उनका सपना यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन(यूपीएससी)द्वारा आयोजित नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए)की आगामी 16 अप्रैल 2023 को होने वाली परीक्षा पास कर इंडियन एयरफोर्स में टॉप लेवल अधिकारी बनना है ।इनकी उपलब्धि पर इनके माता–पिता एवं दुर्गावती देवी के गुरुजनों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# रेलवे क्रॉसिंग पर उपरिगामी सेतु के निर्माण के लिए धन स्वीकृत

## घंटों जाम से मिलेगी निजात, क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री व विधायक का जताया आभार

भटनी। उपनगर के 115 नंबर रेलवे क्रॉसिंग पर टू लेन उपरगामी सेतु बनाने के लिए शासन से मंजूरी मिल गई है। इसके निर्माण के लिए 3813.13 लाख रुपये धन स्वीकृत हो गया है। जिम्मेदारों की मानें तो इसका निर्माण कार्य जल्द शुरू हो जाएगा। इसके बन जाने से घंटों जाम की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी। इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक का आभार जताया है। जिले के चार रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले घंटों जाम से मुक्ति दिलाने के लिए उपरिगामी पुल बनाया जाना है। इसका प्रस्ताव सेतु निगम ने शासन को तीन माह पहले भेजा था। जिले के दोनों सांसदों ने इसे अपनी कार्ययोजना में शामिल किया था। इन पुलों की सेतु निगम ने ड्राइंग की स्वीकृति के लिए रेलवे को भेजा है। कारण यह कि रेल लाइन के ऊपर का हिस्सा रेलवे का होता है। इसलिए ड्राइंग की मंजूरी लेनी होती है।

विभागीय सर्वे पर गौर किया जाए तो सबसे अधिक उपरिगामी पुल की जरूरत भटनी के ढाला नंबर 115 पर थी। सर्वे में भटनी के रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रैफिक वाल्यूम यूनिट (टीवीयू) 3.22 लाख व भाटपाररानी रेलवे स्टेशन के समपार संख्या 112 ए बेलपार ढाला पर 1.75 लाख है। दोनों जगहों पर टीवीयू का मानक पूरा हो रहा है। सेतु निगम ने भटनी में सेतु निर्माण के लिए करीब 42.08 करोड़ रुपये व भाटपाररानी के बेलपार में सेतु निर्माण के लिए 46.53 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा था। इसी तरह गौरीबाजार व सलेमपुर के धनौती ढाला पर उपरिगामी सेतु निर्माण के लिए भी एस्टीमेट शासन को भेजा गया है। ऐसे में जैसे ही भटनी 115 नंबर रेलवे क्रॉसिंग पर उपरिगामी सेतु निर्माण को धन की स्वीकृति मिली। क्षेत्रवासी खुशी से झूम उठे। लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी व विधायक सुरेंद्र चौरसिया के प्रति आभार जताया है।

डीआरएम वाराणसी के पीआरओ अशोक कुमार ने बताया कि भटनी में ओवरब्रिज के लिए शासन से 3813.13 लाख रुपये स्वीकृत होने की जानकारी मिली है। जल्द ही इसका निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

# अधूरी तैयारियों के बीच होगी परिषदीय स्कूलों की वार्षिक परीक्षा

## समयसारिणी जारी, 20 मार्च से शुरू, दो लाख से अधिक विद्यार्थी होंगे शामिल

देवरिया। जिले के 2120 परिषदीय स्कूलों में 20 मार्च से वार्षिक परीक्षा कराने की तैयारी चल रही है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर से सभी विषयों के प्रश्नपत्र तैयार कर बेसिक कार्यालय को भेज भी दिए गए गए हैं। हालांकि, अभी इनकी छपाई के कार्य में देरी होने से पिछले वर्ष की भांति इस बार भी गड़बड़ी की आशंका जताई जा रही है। परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा की समयसारिणी जारी कर दी गई है। इसके अनुसार अब मात्र नौ दिन ही शेष रह गए हैं। इस बार दो लाख से अधिक विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। हालांकि, अभी प्रश्नपत्रों की छपाई का कार्य होना बाकी रह गया है। इस बार लोकल स्तर पर ही इसकी छपाई की तैयारी की जा रही है। 64 प्रकार के प्रश्नपत्रों का प्रारूप बनाया गया है ।दपरीक्षा के अंतर्गत कक्षा एक की परीक्षा केवल मौखिक होती है। कक्षा दो से आठवीं तक लिखित परीक्षा होगी। इसमें बहुविकल्पीय, लघुउत्तरीय व दीर्घ उत्तरीय प्रश्न होंगे।

सत्र 2021–22 की परीक्षा में प्रश्नपत्रों की छपाई में मनमानी से हुई थी छिछालेदर

पिछले सत्र की परीक्षा के दौरान जिले के कई परिषदीय स्कूलों में समय से पेपर नहीं पहुंचा। जहां पहुंचा था, वहां उस दिन की परीक्षा के स्थान पर दूसरे विषय के प्रश्नपत्र खुल गए। पेपर पैकिंग में भी चयनित छपाई एजेंसी की लापरवाही उजागर हुई थी। तत्कालीन बीएसए ने उस दौरान लोकल स्तर की एजेंसी का चयन न कर वाराणसी के अपने एक चहेते को प्रश्नपत्रों की छपाई की जिम्मेदारी दे दी थी। परीक्षा के ऐन वक्त पर कई स्कूलों में गड़बड़ी के चलते इसका खामियाजा विद्यार्थियों व शिक्षकों को उठाना पड़ा था। ऐसे में विभाग की भी खूब छिछालेदर हुई। अधिकारियों से शिक्षक संगठन ने लगाई गुहारः जूनियर शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष ने हेमा त्रिपाठी ने बताया कि पिछले साल बहुत सी गड़बड़ियां हुईं थीं। इस बार अधिकारियों से संगठन की ओर से मांग की गई है कि समय से प्रश्नपत्र मिले और परीक्षा को लेकर गंभीरता बरती जाए।

# डीएम के निरीक्षण में काया कल्प की खुली पोल

## हस्ताक्षर कर गायब मिलीं शिक्षामित्र, मानदेय काटने के निर्देश

देवरिया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बैतालपुर ब्लॉक की भगवानपुर ग्राम पंचायत स्थित संविलियन विद्यालय का निरीक्षण किया। इसमें एक शिक्षामित्र उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर कर गायब मिलीं। इसके अतिरिक्त विद्यालय में ऑपरेशन कायाकल्प के निर्धारित मानकों के अनुसार अधिकांश कार्य प्रारंभ ही नहीं मिले। इस पर डीएम ने असंतोष व्यक्त किया और बीईओ से रिपोर्ट तलब की है। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता के कार्य में लापरवाही अक्षम्य है। मिशन कायाकल्प के तहत बरती गई लापरवाही का उत्तरदायित्व तय किया जाएगा। जिलाधिकारी दोपहर बाद संविलियन विद्यालय भगवानपुर पहुंचे। उन्होंने सर्वप्रथम उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। इसमें शिक्षामित्र रूबी यादव हस्ताक्षर कर गायब मिलीं। डीएम ने उनके एक दिन का मानदेय काटने का निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों की उपस्थिति पंजिका का भी अवलोकन किया। इसमें कक्षा एक से आठ तक कुल 34 विद्यार्थी ही विद्यालय में नामांकित हैं। इसके सापेक्ष पांच सहायक अध्यापक एवं दो शिक्षामित्र तैनात हैं। डीएम ने अध्यापकों को अधिक छात्रों वाले विद्यालयों में समायोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में पांच छात्रों पर एक अध्यापक का अनुपात है, जो आश्चर्यजनक है। जिलाधिकारी ने कक्षों का निरीक्षण किया। कक्षा सात की दोनों खिड़कियां जर्जर अवस्था में मिलीं। दीवार के प्लास्टर उखड़े हुए थे और फर्श भी टूटा था। विद्यालय की चहारदीवारी भी नहीं बनी है। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और खंड शिक्षा अधिकारी नवनीत कुमार चौबे से रिपोर्ट तलब की। उन्होंने कहा कि मिशन कायाकल्प के 19 पैरामीटर्स से सभी विद्यालयों को पूरा करना है। डीएम ने मिड–डे मील के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापिका मालती, सहायक अध्यापक संजय कुमार, पुष्पा यादव, नृपेंद्र कुमार, निगम कुमार, बृजभूषण द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन नीति बहाली की मांग को लेकर कर्मचारियों की रैली 21 को

## बैठक में बनी एक सूत्रीय आन्दोलन की रणनीति

बस्ती । शनिवार को पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच के आवाहन पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित संघ भवन कार्यालय पर जिलाध्यक्ष मस्तराम वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पुरानी पेंशन नीति बहाल किये जाने के एक सूत्रीय मांग को लेकर 21 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रव्यापी आन्दोलन में भागीदारी की भूमिका पर विचार किया गया। निर्णय लिया गया कि 21 मार्च को दिन में 11.30 बजे से शिव हर्ष किसान पी.जी. कालेज के मैंदान में राज्य कर्मचारी, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, कर्मचारी एकत्र होंगे और यहां से विशाल रैली निकालकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन भेजा जायेगा। बैठक में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष मस्तराम वर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष राम अधार पाल ने कहा कि सरकार जानबूझकर कर्मचारी हितों की अनदेखी कर रही है। लम्बे समय से पुरानी पेंशन नीति बहाल किये जाने की मांग चल रही है। अनेक राज्य सरकारों ने पुरानी पेंशन को बहाल कर दिया किन्तु उत्तर प्रदेश की सरकार इस दिशा में गंभीर नहीं है। कहा कि प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर जब तक पुरानी पेंशन योजना की बहाली कर समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता राज्य कर्मचारी चरणबद्ध ढंग से अपना आन्दोलन जारी रखेगा। कहा कि कर्मचारियों ने जिस प्रकार से बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर ताकत का अहसास कराया है इसी तरह की एकजुटता से हक हासिल होंगे। कहा कि पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर यह निर्णायक वर्ष होगा और समूचे देश के कर्मचारी एकजुट हो रहे हैं। संचालन करते हुये जिला मंत्री तौलू प्रसाद ने कहा कि कर्मचारी इतिहास के सबसे कठिन दौर से गुजर रहा है। पुरानी पेंशन नीति सम्बन्धी मांग की अनदेखी चिन्ताजनक है। बैठक में कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के मण्डल अध्यक्ष आशीष कुमार, पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष अजय आर्य, ग्राम पंचायत अधिकारी संघ अध्यक्ष अरूणेश पाल, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मण्डल अध्यक्ष ई. राजेश श्रीवास्तव, ग्राम विकास अधिकारी संघ मण्डल अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ अध्यक्ष ई0 अभिषेक सिंह, विकास भवन कर्मचारी संघ महामंत्री ओम प्रकाश, ट्यूबेल टेक्निकल इम्पलाइज एसोसिएशन अध्यक्ष सन्तोष राव, सिंचाई विभाग ड्रांइग स्टाफ एसोसिएशन अध्यक्ष शीतल गुप्ता, महाविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सन्तोष सिंह, मातृ शिशु महिला कल्याण कर्मचारी संघ अध्यक्ष मालती पाण्डेय, ग्राम विकास मिनीस्ट्रीयल अध्यक्ष मुकेश सोनकर, सिंचाई विभाग चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ अध्यक्ष रामचरन आदि ने सम्बोधित किया। कहा कि कर्मचारी एकजुट रहे तो हमारी मांगे पूरी होकर रहेंगी। हमें पूरी ताकत से अपनी एकजुटता पर जोर देना होगा। आवाहन किया कि 21 मार्च को आयोजित रैली, प्रदर्शन में पूरी ताकत से जुटे और मांग को लेकर आवाज बुलन्द करें। बैठक मुख्य रूप से फिरोज खान, मंशाराम, विनय शुक्ल, अरविन्द चौधरी, राजेश कुमार, बजरंगी प्रसाद, पेशकार, रूद्रनरायन रूदल, शिव कुमार यादव, शिवमंगल पाण्डेय, उमेश वर्मा, दिनेश सिंह 'मगन' लालजी कन्नौजिया, आशुतोष पटेल, रामचन्दर, शिव कुमार यादव, राम सिंह, राम बहादुर, जितेन्द्र कुमार, बलराम यादव, जंग बहादुर, असलम अंसारी, हनुमान शरन, महेन्द्र प्रताप, सुभाष पाण्डेय, अनवार हुसेन, रीता चौधरी, बुधई प्रसाद, राम मनोहर, अम्बिका प्रसाद वैश्य, जितेन्द्र कुमार, मनोज मिश्र, जंग बहादुर, ई. सुरेश चन्द्र के साथ ही परिषद एवं विभिन्न विभागों के अनेक पदाधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे।

# यार्ड रिमाडलिंग को लेकर भटनी व वाराणसी के बीच कई ट्रेनें 30 मार्च तक निरस्त

## पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल पर चल रहा भटनी-औड़िहार खंड के दोहरीकरण का कार्य

सलेमपुर। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल पर भटनी–औड़िहार खंड के दोहरीकरण का कार्य चल रहा है। औड़िहार–भटनी रेल खंड पर स्थित इंदारा–किड़िहरापुर स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य एवं इंदारा स्टेशन के यार्ड रिमॉडलिंग कार्य को लेकर इस मार्ग पर शनिवार से कई ट्रेनें निरस्त की गईं हैं। इसके चलते रेल यात्रियों की दिक्कतें बढ़ गई हैं।

भटनी से औड़िहार रेल खंड 117 किमी के दोहरीकरण के लिए 1177 करोड़ रुपये स्वीकृत है, जिसके तहत 12 बड़े पुल तथा 108 छोटे पुलों सहित अन्य यात्री सुविधाओं का प्रावधान किया जा रहा है। इस खंड में घाघरा नदी पर एक महत्वपूर्ण पुल का भी निर्माण कार्य चल रहा है। इस पर 61 मीटर स्पान के 18 ओपेन वेब गार्डर लगाए जाएंगे तथा पुल की लंबाई 1.16 किमी होगी। प्रथम चरण में इंदारा से कीड़िहरापुर 13 किमी का दोहरीकरण कार्य पूर्ण लिया गया है। इसका रेल संरक्षा आयुक्त 30 मार्च को निरीक्षण करेंगे।

रेलवे प्रशासन ने इंदारा–किड़िहरापुर स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य एवं इंदारा स्टेशन के यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के लिए 11 से 25 मार्च तक प्री–नॉन इंटरलॉक एवं 26 से 30 मार्च तक नॉन इंटरलॉक कार्य तथा 30 मार्च को रेल संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण के कारण कई ट्रेनें निरस्त रहेंगी।

इसमें 01748ध्01747 बनारस–भटनी–बनारस अनारक्षित विशेष गाड़ी, 15129ध्15130 वाराणसी सिटी–गोरखपुर–वाराणसी सिटी एक्सप्रेस, 11 से 30 मार्च तक निरस्त रहेगी। 05148 वाराणसी सिटी–भटनी अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष गाड़ी 14 से 30 मार्च तक, 05147 भटनी–वाराणसी सिटी अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष गाड़ी 15 से 30 मार्च तक निरस्त रहेगी। बनारस–गोरखपुर–बनारस एक्सप्रेस 26, 29 एवं 30 मार्च को निरस्त रहेगी।

पूर्वोत्तर रेलवे के जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि गोरखपुर से 15, 18, 22, 25 एवं 29 मार्च को चलने वाली 15050 गोरखपुर–कोलकाता एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग भटनी–सीवान–छपरा के रास्ते चलाई जाएगी। कोलकाता से 26 एवं 29 मार्च, 2023 को चलने वाली 15049 कोलकाता–गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग छपरा–सीवान–भटनी के रास्ते चलेगी। आनंद विहार टर्मिनस से 21 से 29 मार्च तक चलने वाली 14006 आनंद विहार टर्मिनस–सीतामढ़ी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग औड़िहार–गाजीपुर सिटी–छपरा के रास्ते चलेगी। सीतामढ़ी से 22 से 30 मार्च तक चलने वाली 14005 सीतामढ़ी–आनंद विहार टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग छपरा–गाजीपुर सिटी–औड़िहार के रास्ते चलेगी।

लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 25 व 26 मार्च को चलने वाली 15017 लोकमान्य तिलक टर्मिनस–गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जं.–प्रतापगढ़–अयोध्या कैंट–मनकापुर–गोरखपुर के रास्ते चलेगी। गोरखपुर से 26 व 27 मार्च को चलने वाली 15018 लोकमान्य तिलक टर्मिनस–गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर– मनकापुर–अयोध्या कैंट–प्रतापगढ़–प्रयागराज जं. के रास्ते चलाई जाएगी। इसके अलावा वाराणसी सिटी–लखनऊ जं. एक्सप्रेस वाराणसी सिटी के स्थान पर गोरखपुर से चलेगी। लखनऊ जं. से 21 से 29 मार्च तक चलने वाली लखनऊ –वाराणसी सिटी एक्सप्रेस गोरखपुर तक चलेगी। 25 एवं 29 मार्च को चलने वाली अहमदाबाद–गोरखपुर एक्सप्रेस मऊ तक चलेगी। 26 व 29 मार्च को चलने वाली गोरखपुर–अहमदाबाद एक्सप्रेस मऊ से चलेगी।

# बच्चों को छोड़ने जा रही स्कूल बस की लोडर से भिड़ंत, टला बड़ा हादसा

कानपुर। जीटी रोड पर उत्तरीपुरा रेलवे क्रॉसिंग के पास बच्चों को छोड़ने जा रही स्कूल बस की लोडर से भिड़ंत हो गई। हादसे में बस व लोडर क्षतिग्रस्त हो गए जबकि दोनों गाड़ियों के चालक क्लीनर समेत बस में सवार बच्चे बाल–बाल बच गए। चौबेपुर स्थित विन्यास पब्लिक स्कूल की बस दोपहर छुट्टी के बाद बच्चों को छोड़ने जा रही थी। जीटी रोड पर उत्तरीपुरा पूर्वी रेलवे क्रासिंग के पास निर्माणाधीन जीटी रोड के अंडरपास के नीचे बस की सामने से आ रही लोडर से भिड़ंत हो गई। हादसे में बस और लोडर क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं बस में सवार बच्चे और दोनों गाड़ियों के चालक और क्लीनर बाल–बाल बच गए। स्कूल बस के चालक ने इस बीच पीछे से पहुंची दूसरी बस से बच्चों को गंतव्य के लिए भेजा। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। उत्तरीपुरा चौकी प्रभारी सतीश चंद्र ने बताया कि हादसे में बस व लोडर क्षतिग्रस्त हुआ है। बस में लगभग 25 बच्चे सवार थे। किसी को कोई चोट नहीं लगी। बच्चों को दूसरी बस से उनके घर भेज दिया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय महिला आयोग

## संयुक्ततत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के परिप्रेक्ष्य में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। चतरा ब्लॉक सभागार में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त रुप से अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में साप्ताहिक कार्यक्रम में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। विधिक जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला न्यायाधीश सत्य जीत पाठक ने कहा कि महिलाये भारत ने बिस्व मे इतिहास रच डाला जो पुरुषो ने आज तक नहीं किया वो महिलाओ ने कर डाला, कई लोग बेटी को घर का बोझ समझते है जो गलत धारणा है, बेटी बोझ नहीं है बल्कि वह पीहर में रहकर भी अपना घर रोशन करती है और ससुराल में जाकर भी अपना घर रोशन करती है। इस तरह से बेटी दो घरों को रोशन करने का कार्य करती है।



बहुत सारे लोग यह कहने से डरते हैं कि वाह क्या चाहते है, इस कारण वे नहीं कर पाते जो वह चाहते हैं, मैंने सफलता के लिए कभी भी सपना नहीं देखा, मैंने इसके लिए काम किया है, महिलाओ कि उन्नति या अवनाती पर ही राष्ट्र कि उन्नति निर्भर है साधना मिश्रा ( डी०सी० जिला प्रोबेशन कार्यालय ने मंच के माध्यम से अपील किया कि वुमन होल्ड नच ींसि जीम स्काई (एक महिला आधे आसमान को पकड़ सकती है मै उन पुरुषो से डरती हुँ जो महिला की शक्ति से डरते हैं, वही आज के रिसोर्स पर्सन ओम प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि आज भी कई ऐसे मुद्दे है जिनसे महिलाये जूझ रही हैं, शिक्षा का न मिल पाना, भेदभाव, रूढ़िवादी सोच, दर्दनाक बढ़ते अपराध आदि जैसे अपराधों से जूझ कर निकल रही हैं, इसमें बदलाव लाने के लिए कानूनों का सखघ्ती से पालन किया जाय, बढ़ते अपराधों पर रोक लगाई जाये हम आपको बता दे लक्ष्मी जैसी कई अदम्य महिलाये जो एसिड अटैक का शिकार हुई हैं, लेकिन आम जिंदगी जीना पसंद करती हैं और दुसरो के लिए रोल मॉडल बनी हैं, वही रिसोर्स पर्सन सुरसारी द्विवेदी जी ने कहा कि महिलाओ का सम्मान जेंडर के कारण नहीं बल्कि उसकी स्वयं कि पहचान के लिए करना होगा वहा उपस्थित मातृ शक्ति से आह्वान किया कि वे बेटी व बेटे में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करें और बेटे की भांति बेटी को भी समान शिक्षा, खान–पान सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाये, आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में पुरूषों के समान ही कदमताल कर रही हैं, क्योंकि संविधान स्त्री एवं पुरूष दोनों को एक समान अधिकार प्रदान करता है। धन्यवाद ज्ञापन तहसीलदार सुनील कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर शशि त्रिपाठी, रामज्ञान यादव, इंदु पाण्डेय ,धर्मेंद्र कुमार वर्मा,ब्लॉक मिशन मैनेजर रवि कुमार, अर्चना सिंह, ममता,स्वयं सहायता समूह सुपरवाइजर,आँगनबाड़ी संग सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रही।

# कृषि यंत्रों तथा निशुल्क बोरिंग वितरण में जांच की मांग

## अनियमितता पाए जाने पर उच्चाधिकारियों से कार्रवाई की मांग

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। निःशुल्क बोरिंग वितरण एवं मौके की सत्यापन तथा राजकीय बीज गोदाम रूपईडीह के बीज वितरण एवं वर्मी कंपोस्ट तथा कृषि यंत्रों के वितरण के सत्यापन एवं उचित कार्रवाई किए जाने को लेकर जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। विकासखंड रुपईडीह के ग्राम पंचायत पुरैनिया निवासी आनंद कुमार पांडे के द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए प्रार्थना पत्र दिया है कि ग्राम पंचायत में राजकीय कृषि बीज गोदाम द्वारा बीज वितरण एवं वर्मी कंपोस्ट तथा कृषि यंत्रों तथा निशुल्क बोरिंग वितरण के मौके के सत्यापन कराते हुए उचित कार्रवाई की जाए उन्होंने मांग की है कि लाभार्थी किसानों को निश्शुल्क बोरिंग वितरण वर्ष 2018 से 23 तक जिन लाभार्थियों को दिया गया है उनका मौके का सत्यापन एवं जांच उच्च अधिकारियों के द्वारा कराया जाए निशुल्क बोरिंग का उपयोग किया जा रहा है अन्यथा नहीं । अनियमितता पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों एवं लाभार्थियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करते हुए निशुल्क बोरिंग वितरण के मूल्य की वसूली कर दंडात्मक कार्रवाई की जाए तथा राजकीय कृषि बीज गोदाम रूपईडीह से वर्ष 2022 से 2023 तक बीज वितरण एवं कृषि यंत्रों तथा वर्मी कंपोस्ट वर्ष 2020 से 2023 तक जिन लाभार्थियों को दिया गया है उनका मौके का सत्यापन एवं जांच उच्च अधिकारियों के द्वारा कराया जाए अनियमितता पाए जाने पर संबंधित लाभार्थियों एवं कर्मचारियों पर दंडात्मक कार्रवाई करते हुए कृषि यंत्रों एवं बीजो के मूल्यों का वसूली कराते हुए एफ आई आर दर्ज कराते हुए दण्डनीय कार्रवाई की जाए।

# होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

## होली का पर्व सारे भेद भाव भुलाकर आपस में एकता का देता है संदेश अक्षय

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर तुलसीपुर। नगर पालिका परिषद बलरामुर के वार्ड






पुरानी बाजार में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। होली मिलन समारोह के आयोजक वार्ड संयोजकधजिला महामंत्री भाजयुमो अक्षय शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार सभी वार्डों में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा हैं,उसी क्रम में आज यहां यह आयोजन हुआ हैं। होली मिलन समारोह में नगर अध्यक्ष भाजपा कृष्ण गोपाल गुप्ता,भाजपा नेता पंकज श्रीवास्तव,शासकीय अधिवक्ता परितोष सिन्हा,नामित सभासद राम प्यारे कश्यप,नगर महामंत्री राकेश शर्मा,नगर मंत्री नीलम शुक्ला,वार्ड प्रभारी सुनीता मिश्रा,संदीप उपाध्याय,सुनील कसेरा,सुनील सोनी,कुन्नू कश्यप,संजीव श्रीवास्तव,राजेश कश्यप,तरंग श्रीवास्तव,शंकर सिंह,सुरेंद्र श्रीवास्तव,मदन कसेरा,धर्मेंद्र सैनी,राजेंद्र कश्यप,चंदन कसेरा,राजेंद्र ठठेरा,दिनेश श्रीवास्तव,राम गोपाल कश्यप एवं वार्ड के सैकड़ों निवासीगण उपस्थित रहें।

# अनुराग पाल हत्याकांडः पुलिस मुठभेड़ में दो अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। घोरावल कोतवाली क्षेत्र के पेढ़ गांव से अपहृत मासूम बच्चे की मौत के बाद जिले में तनाव की स्थिति बनी हुई है। इस मामले में शुक्रवार को पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि बीती रात घोरावल थाना क्षेत्र के भैंसवार में पुलिस व अपहरणकर्ताओं के बीच हुई मुठभेड़ में दो अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक अभियुक्त अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है। वहीं मुठभेड़ में पुलिस की गोली से दोनों बदमाश करन यादव (25वर्ष) पुत्र प्रकाश नि0 कछवां मिर्जापुर,गणेश प्रताप सिंह (25वर्ष) पुत्र पारसनाथ नि0 बगहां–चुनार गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे, जिन्हें घायलावस्था में सीएचसी घोरावल से आज सुबह जिला अस्पताल लाया गया था जहां करन की गंभीर स्थिति देखते हुए डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया था। हालांकि कुछ घंटे बाद ही गणेश को भी वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। इस दौरान जिला अस्पताल पुलिस छावनी में तब्दील नजर आया और किसी को भी आरोपियों के आसपास फटकने की भी इजाजत नहीं थी यहां तक कि मीडियाकर्मियों को भी घायल से मिलने से रोक दिया गया। घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक डा0 यशवीर सिंह ने बताया कि "जांच के दौरान करन यादव उर्फ गोलू पुत्र ओमप्रकाश यादव नि0 सबेसर थाना कच्छवां (मिर्जापुर), गणेश प्रताप सिंह पुत्र परमानन्द सिंह नि0 बगहां थाना चुनार (मिर्जापुर), लवकुश यादव पुत्र राधे श्याम यादव नि0 सागरपुर, थाना चील (मिर्जापुर) और शिव कुमार दुबे पुत्र बलराम दुबे नि0 नौहा थाना कोतवाली देहात (मिर्जापुर) की घटना में नामित अभियुक्तगणों के साथ संलिप्तता पायी गयी तथा इनका नाम प्रकाश में आया। अभियुक्तगणों द्वारा जमीनी रंजिश व धन की उगाही को लेकर योजना बनाकर वादी मंगल पाल के पुत्र अनुराग पाल का 5 मार्च 2023 को अपहरण कर 6 मार्च 2023 को बच्चे को मार दिया गया था तथा उसे ग्राम बगहाँ थाना चुनार, जनपद मीरजापुर में एक तालाब में शव को छुपा दिया गया था। अभियोग उपरोक्त में अभियुक्त राजेश व इन्द्रजीत को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अभियुक्तगण लवकुश यादव और शिवकुमार दुबे को गिरफ्तार कर उनकी निशादेही परअपहृत अनुराग पाल के शव को बरामद कर पंचायतनामाध्पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। बीती रात चेकिंग के दौरान ग्राम भैसवार नहर पुलिया घोरावल पर अभियुक्त करन यादव उर्फ गोलू पुत्र ओमप्रकाश यादव, निवासी सबेसर थाना कच्छवां, जनपद मिर्जापुर व गणेश प्रताप सिंह पुत्र परमानन्द सिंह निवासी बगहां, थाना चुनार, जनपद मिर्जापुर पुलिस मुठभेड़ में घायल हुए हैं। जिनके कब्जे से 315 बोर का दो तमंचा दो खोखा एवं 3 मिस जिन्दा कारतूस व घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुई।



# मोतीगंज थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का किया गया आयोजन

## मोतीगंज थाने में आए 6 प्रार्थना 2 का मौके पर हुआ निस्तारण ...थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार

दैनिक बुद्ध का संदेश

मोतीगंज गोंडा।उत्तर प्रदेश के जनपद गोंडा क्षेत्र के मोतीगंज थाना परिसर में मार्च माह के दूसरे सोमवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें कुल 6 मामले आए 2 मामलों का मौके पर कराया गया निस्तारण। जनपद गोंडा के मोतीगंज थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष मोतीगंज प्रबोधा कुमार ने की थानाध्यक्ष मोतीगंज ने बताया कि थाना समाधान दिवस में कुल 6 मामले आए जिसमें 2 मामलों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया शेष का निस्तारण कराने के लिए संबंधित को आदेश दिया गया है उन्होंने बताया कि मार्च माह के दूसरे शनिवार को थाना दिवस का आयोजन का आए हुए परिवारों की समस्याएं सुनकर मामले का निस्तारण करने का आदेश संबंधित को दिया गया है!

# चोरी करने के मामले मे तीन नफर अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

मनकापुर,गोण्डा। छपिया पुलिस के मुताविक दिनांक 11/03/2023 को पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद– गोंडा के द्वारा अपराध



एवं अपराधियो के नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय व क्षेत्राधिकारी महोदय मनकापुर जनपद गोंडा के निर्देशन में, सतानन्द पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक छपिया के नेतृत्व में छपिया पुलिस द्वारा ग्राम तेंदुआ रानीपुर से तीन नफर अभियुक्तो को गिरफ्तार कर सम्बंधित के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार अभियुक्त गण अमन सिंह पुत्र गुड्डू सिंह निवासी ग्राम सोहिला थाना छपिया जनपद गोंडा, गुलशन पुत्र पाटेश्वरी यादव निवासी ग्राम तेंदुआ रानीपुर थाना छपिया जनपद गोंडा, भुइली पुत्र पारस निवासी ग्राम तेतुआ रानीपुर थाना छपिया जनपद गोंडा एक अदद इलेक्ट्रिक मोटर मोनो सेट पम्प के साथ ग्राम सोहिला अंडर पास मसकनवा से गिरफ्तार किया गया।

# होली मिलन समारोह का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा।ब्लॉक कटरा बाजार के ग्राम पंचायत पूरे बदल के मजरा तिवारी पुरवा में भा ज पा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी के घर पर होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिस के मुख्य अतिथि रहे क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह का कार्यक्रम के आयोजक अमिताभ तिवारी व संचालक नीरज तिवारी ने माला पहनाकर व अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया।होली मिलन समारोह में उपस्थित जनसमूह से मिलते हुए क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह ने कहा कि होली सौहार्द व खुशियों का त्योहार है, इसे हर वर्ग को खुशी से मिलकर मिला मनाना चाहिए। इस दौरान सेक्टर अध्यक्ष लल्लन तिवारी भाजपा मंडल अध्यक्ष अनंतराम शुक्ला ,मंडल मंत्री राकेश शुक्ला, मंडल महामंत्री राजेश सिंह, प्रदीप मिश्र, डॉ.चंद्रशेखर पांडेय पंकज कुमार पाण्डेय, लल्ला पाण्डेय सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# निःशुल्क कानूनी सहायता के लिए एसोसिएशन का गठन




दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। भारतीय विधिक सहायता एसोसिएशन की एक बैठक अशोकनगर रावटसगंज सोनभद्र में दिन के 11रू00 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें संस्था के पदाधिकारियों की नियुक्ति तथा अग्रिम कार्यक्रम पर विचार विमर्श किया गया राष्ट्रीय संयोजक एड पवन कुमार सिंह ने बताया कि निशुल्क मानवाधिकार एवं कानूनी सहायता के लिए समर्पित भारतीय विधिक सहायता एसोसिएशन एक गैर सरकारी संस्था है। जो अपने उद्देश्यो कार्यों और क्षेत्रों में उपसमितियों के गठन से मानवाधिकार, समाज सेवा एवं भारतीय की जन जनमानस की समस्याओं के निराकरण में अपने सहयोग और प्रयासो का उद्घोष करती है। एसोसिएशन सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाओं के प्रति समाज को जागरूक करना, प्राप्त करने के लिये प्रेरित करना एवं क्रियांवायन के लिये मार्ग प्रशस्त करने का कार्य करके शासन को सहयोग प्रदान करती है। साथ ही संस्था समाज को न्यायायिक, नैतिक और संवैधानिक दायित्वों का बोध कराकर मार्ग दर्शन करके समाज सेवा भी करती है। संरक्षक इंद्रजीत तिवारी निर्भीक ने कहा मनुष्य योनि में जन्म लेने वाले प्रत्येक प्राणी की एक गरिमा होती है, इस कारण वह अपने आप में बहुमूल्य है, और मनुष्य होने के नाते उसे गरिमामय जीवन जीने का पूरा अधिकार है, इसलिए पैदा होते ही प्रकृति उसे वे सब अधिकार प्रदान करती है जो एक मानव जाति के अस्तित्व के लिये जरूरी हैं। कोई भी व्यक्ति या राज्य किसी अन्य व्यक्ति से उन अधिकारों को छीन नहीं सकता है। ऐसे में मानव अधिकारों की रक्षा एसोसिएशन करता है। राष्ट्रीय महासचिव एड मनीष रंजन ने बताया कि एसोसिएशन द्वारा पश्चिम बंगाल प्रदेश अध्यक्ष पर एडवोकेट रणधीर सिंह को तथा बिहार प्रदेश अध्यक्ष पद पर एडवोकेट संतोष कुमार चतुर्वेदी तथा राजेश सिंह क्षत्रिय को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया।इस अवसर पर पांच लोगों को सम्मानित किया गया ! इस अवसर पर काकू सिंह, नवीन कुमार पांडेय एड, मनोज जायसवाल एड, रामेश्वरनाथ पांडेय, ईश्वर जायसवाल एड, अशोक कनौजिया एड, शशि कुमार, दीपनारायण पटेल, अनिल कुमार सिंह एड आदि लोग उपस्थित रहे !

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

**बुद्ध का संदेश**

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# चेहरे पर लगाएं स्ट्रॉबेरी के बने ये फेस पैक, त्वचा संबंधित समस्याएं होंगी दूर



स्ट्रॉबेरी में मौजूद एंटी–ऑक्सीडेंट, कसैले और एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करने, जलन का इलाज करने और सूरज की हानिकारक यूवी से सुरक्षा प्रदान करने में मदद कर सकती है। अल्फा हाइड्रॉक्सी एसिड(ए) से भरपूर होने के कारण स्ट्रॉबेरी मृत त्वचा कोशिकाओं से छुटकारा दिलाने में मदद करती है। आइए आज हम आपको स्ट्रॉबेरी के पांच फेस पैक बनाने के तरीके बताते हैं, जिनके इस्तेमाल से त्वचा को कई लाभ मिल सकते हैं।

स्ट्रॉबेरी और ताजी क्रीम का फेस पैक

शहद मिलाएं। अगर आपकी त्वचा तैलीय प्रकार की है तो इस फेस पैक में ताजी क्रीम की जगह दही मिलाएं। अब इस मिश्रण को पूरे चेहरे पर लगाएं और 10 मिनट के बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। आप इस फेस पैक को डीप फ्रीज या कांच के जार में स्टोर किया जा सकता है। यह फेस पैक मुंहासों और मुंहासों के निशान को कम करने में मदद कर सकता है।

स्ट्रॉबेरी और नींबू का फेस पैकः अगर आप अपनी त्वचा को टैनिंग से सुरक्षित रखना चाहते हैं या फिर पिगमेंटेशन से छुटकारा चाहते हैं तो यह फेस पैक आपकी काफी मदद कर सकता है। लाभ के लिए स्ट्रॉबेरी की प्यूरी और एक बड़ी चम्मच नींबू के रस को एकसाथ मिलाएं, फिर इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। हफ्ते में दो बार इस फेस पैक का इस्तेमाल किया जा सकता है।

स्ट्रॉबेरी और कोको पाउडर का फेस पैकः यह फेस पैक त्वचा को चमक देने के साथ इसे मुलायम बनाए रखने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए एक बड़ी चम्मच स्ट्रॉबेरी की प्यूरी को एक चम्मच कोको पाउडर के साथ अच्छे से मिलाएं। अगर पेस्ट गाढ़ा लगे तो थोड़ा सा पानी मिलाकर इसे चेहरे पर लगाने योग्य बना लें। अब इस मिश्रण को चेहरे पर लगाएं और सूखने दें। पूरी तरह सूखने पर चेहरे को ठंडे पानी से धो लें।

ओटमील और स्ट्रॉबेरी का फेस पैक

यह फेस पैक मृत त्वचा कोशिकाओं से छुटकारा दिलाकर निखार देने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए स्ट्रॉबेरी की प्यूरी और थोड़े दूध को मिलाकर एक गाढ़ा पेस्ट बनाएं, फिर इसमें ओटमील और बादाम का पाउडर मिलाएं। इसके बाद पहले अपने चेहरे को हल्के गुनगुने पानी से गीला करें, फिर इस पर यह मिश्रण लगाकर हल्के हाथों से मलें। अंत में चेहरे को ठंडे पानी से धो लें।

स्ट्रॉबेरी और एवोकाडो का फेस पैकः यह फेस पैक समय से पहले उभरने वाले बढ़ती उम्र के प्रभाव से छुटकारा दिला सकता है। लाभ के लिए सबसे पहले एवोकाडो को धोकर छिलें, फिर स्ट्रॉबेरी की प्यूरी और एवोकाडो के गुदे को एक कटोरी में थोड़े से नारियल के तेल के साथ मिलाएं। अब इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर कुछ मिनट मलें। 15–20 मिनट के बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें।

## कुंडली भाग्य की प्रीता ने, गिराई अपने हुस्न की बिजलियाँ, देखकर मदहोश हुए फैंस

टीवी के चर्चित सीरियल कुंडली भाग्य की प्रीता ने एक बार फिर अपने बोल्ड अंदाज से सोशल मीडिया पर लोकप्रियता बटोरनी आरम्भ कर दी है। हाल ही में श्रद्धा आर्या ने नई तस्वीरें



इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। श्रद्धा की बोल्डनेस और उनके हुस्न का दीदार देख प्रशंसक जमकर तारीफें करते दिखाई दे रहे हैं। वही हाल ही में श्रद्धा आर्या ने पिंक कलर का आउटफिट पहने तस्वीरें साझा की हैं। कंधे से सरकते ऑफशोल्डर में श्रद्धा जमकर अपना क्लीवेज फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। फुल स्लीव्स डीपनेक ऑउटफिट में श्रद्धा आर्या बेहद खूबसूरत और सिजलिंग पोज देती नजर आ रही हैं। श्रद्धा आर्या ने सटल मेकअप के साथ न्यूड पिंक शेड लिपस्टिक कैरी की है। साथ ही श्रद्धा आर्या ने बालों को नीचे से कर्ल करके खुला छोड़ा है। श्रद्धा आर्या ने अपने नए लुक को पूरा करने के लिए कानों में स्टोन्स वाले ईयररिंग्स पहनें है। साथ ही श्रद्धा मैचिंग बैग और हील्स भी नई तस्वीरों में जमकर फ्लॉन्ट किए हैं। वही बात यदि श्रद्धा आर्या के वर्कफ्रंट की तो एक्ट्रेस ने कई टेलीविजन शोज के साथ–साथ अमिताभ बच्चन की फिल्म निशब्द में भी वह नजर आ चुकी हैं। श्रद्धा आर्या ने कई फिल्मों में अपनी अदाकारी का जादू दिखाया है। फिलहाल श्रद्धा आर्या जी टीवी के सीरियल कुंडली भाग्य में प्रीता की भूमिका निभाती दिखाई दे रही हैं। श्रद्धा आर्या की सोशल मीडिया पर बेहतरीन फैन–फॉलोइंग है, जब भी श्रद्धा नई तस्वीरें और वीडियो शेयर करती हैं तारीफें करने वालों का तांता लग जाता है।






## विष्णु के आधुनिक अवतार पर आधारित होगी दीपिका और प्रभास की प्रोजेक्ट के



दीपिका पादुकोण और प्रभास की चर्चित फिल्म प्रोजेक्ट के काफी समय से चर्चा में है। कुछ दिन पहले ही एक नए पोस्टर के साथ फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा भी की गई थी। फिल्म का निर्माण वैजयंती मूवीज कर रही है। फिल्म को लेकर कई रिपोर्ट्स आ चुके हैं जिनमें बताया गया कि यह फिल्म बड़े स्तर पर बन रही है। अब निर्माता ने इस बारे में अपना बयान दिया है।

निर्माता अश्विनी दत्त ने फिल्म के बारे में कई जानकारियां दीं। उन्होंने कहा कि यह ग्राफिक्स से भरपूर फिल्म है। फिल्म के ग्राफिक पर पांच महीने पहले काम शुरू हो चुका है। यह काम अगले साल की शुरुआत तक चलेगा। फिल्म में शानदार वीएफएक्स का इस्तेमाल होगा। फिल्म के एक्शन दृश्यों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्टंट कोर्डिनेटरों को शामिल किया गया है। अश्विनी के मुताबिक फिल्म की 70 प्रतिशत शूटिंग पूरी हो चुकी है।

अश्विनी ने कहा, फिल्म में साइंस फिक्शन के रोचक तत्व होंगे। यह फिल्म विष्णु के आधुनिक अवतार पर आधारित है, लेकिन साथ ही फिल्म बेहद भावुक भी होगी। हमने एक्शन सीक्वेंस देखने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्टंट कोरियोग्राफर बुलाए हैं। आप फिल्म में जो कुछ भी देखेंगे, सबकुछ आपको हैरान कर देगा। इससे साफ है कि फिल्म में पौराणिकता और विज्ञान का दिलचस्प मेल देखने को मिलेगा। साथ ही फिल्म में शानदार एक्शन दिखाई देगा।

प्रोजेक्ट के की कहानी पौराणिक किरदारों से प्रेरित होगी। फिल्म के निर्देशक और लेखक नाग अश्विन हैं। मूल रूप से यह तेलुगू में बन रही है, जिसे ना सिर्फ हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में बल्कि अंग्रेजी भाषा में भी रिलीज करने की योजना है। फिल्म में प्रभास एक सुपरहीरो के किरदार में नजर आएंगे। प्रोजेक्ट के से दीपिका तेलुगु सिनेमा में कदम रख रही हैं। इनके अलावा फिल्म में अमिताभ बच्चन भी नजर आएंगे।

प्रोजेक्ट के अगले साल 12 जनवरी को रिलीज होगी। इससे पहले इस साल 16 जून को प्रभास की फिल्म आदिपुरुष और 28 सितंबर को फिल्म सालार रिलीज होने वाली है। इसके अलावा प्रभास, एक हॉरर कॉमेडी फिल्म को लेकर भी चर्चा में बने हुए हैं। दीपिका पादुकोण फिल्म पठान से सिनेमाघरों में छाई हुई हैं। उनकी फिल्म फाइटर भी अगले साल जनवरी में रिलीज होगी। इस फिल्म में ऋतिक रोशन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

## आयुष्मान के फैंस को मिला खास तोहफा...रिलीज हुआ ड्रीम गर्ल–2 का ट्रेलर

आयुष्मान खुराना ने होली के मौके पर फैंस को खास तोहफा



दे दिया है। बहुत वक्त से उनकी मूवी ड्रीम गर्ल 2 का इंतजार कर रहे फैंस को इसका नया टीजर देखने के लिए मिल चुका है। आयुष्मान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मूवी का टीजर रिलीज कर दिया गया है। टीजर में आयुष्मान को लुक देखकर फिल्म के प्रति फैंस का उत्साह और भी बढ़ा दिया है। आयुष्मान खुराना ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से मूवी का टीजर रिलीज किया है। जिसमें आयुष्मान का लुक देखकर फैंस का एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ चुका है। टीजर में आयुष्मान खुराना पूजा बनकर फोन पर अपना इंट्रो देते हुए पूछ रहे हैं कि आप कौन जिसपर रणबीर कपूर ने बोला है कि तुमने मेरी आवाज नहीं पहचानी? जिस पर आयुष्मान ने जवाब दिया पहचान लिया तुम्हें, एक नंबर के झूठे हो तुम, शादी का वादा मुझसे और शादी किसी और से। वहीं पीछे से आलिया ने रणबीर से सवाल करते हुए पूछा कि फोन पर कौन है? जिस पर रणबीर ने झूठ बोलते हुए कहा, बठिंडा वाली बुआ हैं। खबरों का कहना है कि फिल्म के इस मजेदार टीजर को लोग खूब पसंद भी कर रहे है। वीडियो पर अबतक लाखों व्यूज मिल चुके हैं। साथ ही मूवी देखने के लिए लोगों का एक्साइटमेंट भी बढ़ गया है। वहीं टीजर में रणबीर कपूर की आवाज ने भी फैंस की दिलचस्पी खासी बढ़ा डाली है।

## धूल–मिट्टी से है एलर्जी? इन 5 घरेलू नुस्खों से पाएं छुटकारा



मौसम, नमी, धूल और प्रदूषण आदि एलर्जी का कारण बन सकते हैं। इसके लक्षणों में बहती नाक, खुजली, लाल आंखे, सांस लेने में कठिनाई और सीने में जकडन होना भी शामिल है। ये ऐसी एलर्जी है जिससे बचना बहुत ही मुश्किल होता है। हालांकि, ऐसा नहीं है कि इसका निवारण नहीं किया जा सकता है। आइए आज हम आपको पांच ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं, जो एलर्जी से प्रभावी ढंग से निपटने में मदद कर सकते हैं।

लैवेंडर एसेंशियल ऑयल का करें इस्तेमाल

लैवेंडर ऑयल में एंटी–इंफ्लेमेटरी और एनाल्जेसिक गुण होते हैं। यह धूल एलर्जी का प्रभाव कम कर बेहतर नींद दिलाने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की 2–3 बूंदें डिफ्यूजर में डालें और इसकी भाप को सूंघें। हालांकि, डिफ्यूजर नहीं है तो आप तेल की बूंदों को एक रुमाल पर डालकर सूंघ सकते हैं। जल्दी राहत के लिए कुछ दिन लगातार इस तेल की भाप लेनी चाहिए।

शहद का करें इस्तेमाल

शहद भी धूल–मिट्टी से राहत दिलाने वाला एक प्रभावी घरेलू उपचार बन सकता है। शहद में एंटी–बैक्टीरियल, एंटी–वायरल और एंटी–सेप्टिक गुण मौजूद होते हैं, जो इस समस्या को कम करने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए सुबह उठकर खाली पेट शहद का सेवन करें या फिर गरम पानी में शहद को मिलाकर पीएं। इसके अतिरिक्त आप इसे खाने के लिए तैयार किए गए मीठे व्यंजनों में मिलाकर भी खा सकते हैं।

सेब का सिरका भी है प्रभावीः सेब के सिरके में एंटी–इंफ्लेमेटरी और एंटी–बैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं। ये गुण धूल–मिट्टी के कीटाणुओं को खत्म करके एलर्जी को कम करने में मदद कर सकते हैं। आपको जब भी धूल–मिट्टी से एलर्जी हो तो एक गिलास गुनगुने पानी में 2 चम्मच सेब का सिरका और स्वादानुसार शहद मिलाकर इसका सेवन करें। इस मिश्रण का सेवन नियमित रूप से दिन में 1 से 2 बार किया जा सकता है।

हल्दी भी कर सकती है मददः हल्दी में करक्यूमिन नामक एक सक्रिय घटक होता है, जो एक प्राकृतिक डिकंजेस्टेंट के रूप में कार्य करता है। इसके अतिरिक्त हल्दी में एंटी–इंफ्लेमेटरी और एंटी–बैक्टीरियल गुण भी होते हैं, जो एलर्जी को संक्रमण में बदलने से रोक सकते हैं। लाभ के लिए 1 कप दूध में आधी चम्मच हल्दी मिलाएं। इसके बाद इसे एक सॉस पैन में उबालें। आखिर में इस मिश्रण को गिलास में डालकर इसमें शहद मिलाएं और इसे ठंडा करके पीएं।

ग्रीन टी का सेवन देगा राहतः ग्रीन टी एंटी–माइक्रोबियल गुणों से भरपूर होती है, जो धूल–मिट्टी से होने वाली एलर्जी से राहत दिलाने में काफी मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए 1 कप गर्म पानी में 1 छोटी चम्मच शहद और 1 छोटी चम्मच नींबू का रस मिलाएं। अब इस मिश्रण में 1 ग्रीन टी का बैग 2 से 3 बार डुबोने के बाद इसका सेवन करें। एलर्जी होने पर इस चाय का दिन में 2 बार सेवन किया जा सकता है।